संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 16 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 277 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

### 'भारत में रहना है तो भारत माता की जय बोलना ही होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

**केंद्रीय** मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि जो लोग भारत में रहना चाहते हैं उन्हें भारत माता की जय बोलनी होगी। वे यहां भाजपा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग देश में कहते हैं कि वे भारत माता की जय नहीं बोलेंगे, वह भाड़ में जाएं।

**भारत माता की जय तो बोलना ही चाहिए:** कृषि राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत में रहना है तो भारत माता की जय तो बोलना ही चाहिए, साथ ही सवाल दागा कि यदि ऐसा नहीं करेंगे तो भारत में रहते हुए क्या आप पाकिस्तान जिंदाबाद कहेंगे? उन्होंने कहा- वंदे मातरम और भारत माता की जय कहने वालों के लिए ही देश में जगह है। मैं कहना चाहूंगा कि अगर कोई ऐसा व्यक्ति है जो भारत माता की जय नहीं बोलता, भारत में आस्था नहीं रखता और पाकिस्तान जिंदाबाद में आस्था रखता है तो उसे पाकिस्तान चले जाना चाहिए। यहां उसकी कोई जरूरत नहीं है।

**राष्ट्रवादी सोच वाली सरकार बननी चाहिए:** उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से देश को मजबूत किया जाना चाहिए और इसके लिए राष्ट्रवादी विचारधारा का होना जरूरी है।

### भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप कॉरिडोर को लगेगा झटका!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

इजरायल-हमास संघर्ष के कारण भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना में देरी और जटिलताएं पैदा हो सकती हैं। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने यह बात कही है। लेकिन पूरे पश्चिम एशिया में इसके प्रभाव को कम करके नहीं आंका जा सकता है। थिंक टैंक ने कहा कि संघर्ष इजरायल और सऊदी अरब के बीच ऐतिहासिक शांति समझौते की संभावना को पटरी से उतार सकता है, जो भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा ढांचे में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

# युद्धः गाजा में मची तबाही

= ग्राउंड ऑपरेशन से पहले बॉर्डर पर सैकड़ों टैंक तैनात; इजराइल ने 15 हजार लोगों को हटाया, हमले में मारा गया खूंखार आतंकवादी

भयावह हालात

**8 गाजा पट्टी में एयर स्ट्राइक से दहशतगर्दों को बड़ा झटका, इस्लामिक जेहाद का मुख्यालय भी ध्वस्त**



**टीम एक्शन इंडिया/यरुशलम**

**इस्राइल** ने गाजा में रहने वालों को चेतावनी दी है कि वे तीन घंटे के अंदर उत्तर गाजा से दक्षिण गाजा की ओर निकल जाएं। गौरतलब है कि इस्राइल काफी दिनों से गाजा में पैदल सेना को भेजने की योजना बना रहा है। इसी के मद्देनजर गाजावासियों को चेतावनी जारी की गई है। इजरायल की एयर स्ट्राइक में हमास का टॉप कमांडर बिलाल अल-कदरा मारा गया। इस एयर स्ट्राइक में आतंकवादियों का सुरक्षित पनाहगाह बना किलानुमा इस्लामिक जेहाद का मुख्यालय जमींदोज हो गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बिलाल अल-कदरा दक्षिणी खान यूनिस बटालियन में नहबा बल का टॉप कमांडर था। वह सात अक्टूबर को इजरायल में घरों में घुस कर निर्दोष नागरिकों की हत्या करने में शामिल था। हमास ने दक्षिणी इजरायल के किबुत्ज निरिम और निरओज इलाके में बर्बरता के साथ नरसंहार किया था। बिलाल आतंकवादी संगठन हमास में काम करने के साथ ही कदरा फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन में भी अहम भूमिका निभा रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल की वायुसेना ने हमास के कमांड सेंटर, सैन्य परिसर, दर्जनों लांचर पैड, एंटी-टैंक पोस्ट और वॉच टावर को मलबे में बदल दिया है। इस हमले में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादी संगठन के सैन्य मुख्यालय को भी नष्ट कर दिया गया। इस हमले में हमास के दर्जनों बुनियादी ढांचे ताश के पत्तों की तरह बिखर गए।

### गाजा में मानवीय मदद की कोशिशें तेजः बाइडन

**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**

**गाजा** पट्टी में इस्राइल के हमले तेज होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बीत की। टेलीफोन पर हुई बातचीत में बाइडन ने फलस्तीनी राष्ट्रपति से इस्राइल पर हुए हमास के हमले की निंदा की और कहा कि हमास फलस्तीन के लोगों के अधिकारों और आत्मनिर्णय के अधिकारों के लिए नहीं लड़ रहा है।

**बाइडन ने इन मुद्दों पर की चर्चा:** वहीं नेतन्याहू ने बाइडन को युद्ध के हालातों के बारे में जानकारी दी और बाइडन ने इस्राइल को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर बताया कि दोपहर में राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इस्राइल के प्रति समर्थन जताया। राष्ट्रपति बाइडन ने नेतन्याहू को अमेरिकी सैन्य मदद के बारे में बताया और किसी अन्य देश के इस संघर्ष में शामिल होने पर इस्राइल को खुलकर सहायता देने की बात भी कही। बाइडन ने नागरिकों को भोजन, पानी और चिकित्सा मदद तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र, मिस्त्र, जॉर्डन, इस्राइल के साथ समन्वय बनाने पर चर्चा की। बाइडन ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों के अपने समर्थन की पुष्टि की। बाइडन ने सभी देशों से हमास के क्रूर अत्याचारों की निंदा करने की जरूरत पर जोर दिया।

**चीनी विदेश मंत्री से ब्लिंकन ने की बात:** वहीं फलस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि किस तरह से आम नागरिकों की मदद के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## विस चुनावः तीन राज्यों के लिए कांग्रेस की सूची जारी



ऐलान

**8 मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से 30 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई है। इसी तरह तेलंगाना की 119 सीटों में से 55 सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। राजस्थान और मिजोरम विधानसभा के लिए उम्मीदवारों का एलान भी जल्द हो सकता है। तेलंगाना में पार्टी ने 46 फीसदी से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया। राज्य में कुल 119 विधानसभा सीटें हैं। 2013 में यहां पार्टी को 13 सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि, इस वक्त केवल पांच विधायक ही हैं। पहली सूची में पांचों मौजूदा विधायकों को टिकट मिला है।

**सभी पांच विधायकों को फिर से टिकटः** पार्टी ने मौजूदा पांचों विधायकों को फिर से टिकट दिया है।

इनमें करीमनगर जिले की मनथानी सीट से दुद्दीला श्रीधर बाबू, मेंडक जिले की संगारेड्डी विधानसभा सीट से थुरुपु जग्गा रेड्डी,वारंगल जिले की मुलुग सुरक्षित सीट से दानसारी अनसूया सीताक्का फिर से उम्मीदवार होंगी। इसी तरह खम्मम जिले की मधिरा सुरक्षित सीट भट्टी विक्रमार्क मल्लू और खम्मम जिले की ही भद्राचलम सीट से पोडेम वीरया को फिर से टिकट दिया गया है।

**बीआरएस से आए विधायक और उनके बेटे को टिकटः** बीआरएस से कांग्रेस में आए मलकानगिरि सीट के विधायक हनुमंत राव मैनामपल्ली को पार्टी ने यहीं से टिकट दिया है। हनुमंत राव के बेटे डॉक्टर रोहित मैनामपल्ली को भी पार्टी ने मेडक जिले की मेडक विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है।

### सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को नलगोंडा से टिकट

**नलगोंडा** लोकसभा सीट से सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को नलगोंडा जिले की हुजूर नगर विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी वह इस सीट से जीते थे। हालांकि, उनके सांसद बनने के बाद हुए उप चुनाव में यह सीट सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के पास चली गई थी। पांच बार के विधायक रेड्डी पर एक बार फिर यह सीट जिताने की जिम्मेदारी होगी। रेड्डी राज्य में पार्टी के सबसे बड़े चेहरों में शामिल हैं।

## 70 साल से इजरायल कब्जाधारी बनकर रहाः ओवैसी

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

**इजरायल** और हमास के बीच युद्ध जारी है। जहां भारत से लेकर अमेरिका तक इस युद्ध में इजरायल के समर्थन में हैं। वहीं, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस युद्ध को लेकर मीडिया पर पक्षपात का आरोप लगाया है। चल रहे इजरायल-हमास युद्ध पर प्रतिक्रिया देते हुए, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग के लिए मीडिया पर निशाना साधा और कहा कि इजरायल ने पिछले 70 वर्षों से फलिस्तीनी भूमि पर कब्जा किया हुआ है और इन "अत्याचारों पर



दुनिया चुप है।" हैदराबाद में एक सभा में लोगों को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, "21 लाख की आबादी वाले गाजा के गरीब लोगों में से 10 लाख लोग बेघर हो गए हैं। दुनिया इस पर चुप है। जिसने मारा है उसे देखो, लेकिन इन गरीबों ने क्या बिगाड़ा है। गाजा के इन गरीब लोगों ने आपका क्या बिगाड़ा है? मीडिया इस मुद्दे पर एकतरफा रिपोर्टिंग कर रहा है।

## महिलाएं अपनी नियति का निर्माण स्वयं करें: प्रियंका गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में डीएमके के महिला अधिकार सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और उनकी मां सोनिया गांधी भी वहां मौजूद थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग करती हूं। उन्होंने कहा, "आज से बत्तीस साल पहले, अपनी जिंदगी की सबसे अंधियारी रात में मैंने तमिलनाडु की मीन पर पहली बार पांव रखा था। मैं तब उन्नीस बरस की थी और आज जिस उम्र में हूं, तब मेरी मां उससे कुछ साल कम की थीं। जैसे ही हवाई जहाज का दरवाजा खुला, हम रात के अंधेरे में डूब गए, लेकिन मुझे



डर नहीं लगा, क्योंकि सबसे भीषण जो हो सकता था, वह हो चुका था।" कुछ घंटे पहले मेरे पिता की हत्या कर दी गई थी। उस रात मैं अपनी मां के पास गई। मैं जानती थी कि जो शब्द मैं उनसे कहने वाली हूं, वे हमेशा के लिये मां का दिल तोड़ कर रख देंगे। मैंने वे शब्द कहे और खुशी की रोशनी को उनकी आंखों में हमेशा के लिए बुझते देखा। अब, जब पिता के क्षत-विक्षत शरीर के हिस्से इकठ्ठे करने के लिये मैं तमिलनाडु में थी, मुझमें किसी बात का कोई भय नहीं बचा था। हवाई जहाज की सीढ़ियां उतर कर हम मीनांबकम हवाई अड्डे की जमीन पर खड़े थे। तभी अचानक नीली साड़ियां पहने हुई स्त्रियों के झुंड ने हमें घेर लिया। जीवन के युद्ध में हमारी पराजय को रोक न पाने वाले देवताओं ने ही शायद उन्हें हमें दिलासा देने भेजा था।

महिला अधिकार

**8 कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में डीएमके के महिला अधिकार**

## यूपीः सभी जिलाधिकारियों को हिंसा पीड़ित महिलाओं से करनी होगी बात

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत योगी सरकार महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। अभियान के तहत एक मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें हर जिले के जिलाधिकारी महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे। यह इवेंट हिंसा की पीड़ित महिलाओं के लिए किया जा रहा है। बताया गया कि हक की बात, जिलाधिकारी के साथ नाम से मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के डीएम हिंसा से पीड़ित महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। शक्ति कार्यशालाओं का भी आयोजन होगा। इसमें कार्यस्थल पर



महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत गठित स्थानीय व आंतरिक परिवाद समितियों का ओरिएंटेशन भी होगा। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों से संबंधित योजनाओं को और गति देने के लिए महाअभियान शुरू करने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग इस दौरान कई मेगा इवेंट आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा।

**खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजनः** मिशन शक्ति के चौथे चरण में 16 से 22 अक्टूबर तक जागरूकता सप्ताह का आयोजन होगा। 14 से 20 नवंबर तक महिला एवं बाल अधिकारों पर विभिन्न गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

हक की बात

**8 बताया गया कि हक की बात, जिलाधिकारी के साथ नाम से मेगा इवेंट भी आयोजित किया जाएगा।**

## दिल्ली समेत एनसीआर में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में रविवार दोपहर करीब चार बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र हरियाणा का फरीदाबाद रहा। झटके इतने तेज थे कि लोग घबराकर अपने अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप की कंपन को एनसीआर के फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में भी महसूस किए गए। हालांकि कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई।

**क्यों आता है भूकंप ?:** पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा




दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है।

## 'सूखे की मार झेल रहा कर्नाटक'

सूखाग्रस्त

**8 किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। केंद्र से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है**

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

कर्नाटक इस समय सूखे की मार झेल रहा है। यही वजह है कि किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने केंद्र से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है।

**'किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान':** मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा कि इस साल सूखे की वजह से कर्नाटक के किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान



हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य के 236 में से 216 तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।

**'42 लाख हेक्टेयर फसल का नुकसान':** सिद्दरमैया ने ऐतिहासिक मैसूर दशहरा उत्सव के उद्घाटन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 42 लाख हेक्टेयर फसल का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही किसानों को इस साल 30 हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के मानदंडों के अनुसार हमने केंद्र सरकार से 4860 करोड़ रुपये की मांग की है। केंद्रीय टीम ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। राज्य सरकार ने पहले 195 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया था। हालांकि, अब फिर इनकी संख्या 216 हो गई है। कैबिनेट उपसमिति ने बैठक के बाद 21 और तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया है।

खौफनाक मंजर

### इजरायल से भारत लौटे चश्मदीदों ने बताई आपबीतीः ऑपरेशन अजेय के तहत दो नवजात बच्चों समेत 274 लोग विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंचे

# 'अब भी सायरन और बम ब्लास्ट की आवाजें गूंज रही'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इजरायल में** फंसे भारतीयों का चौथा जत्था नई दिल्ली पहुंच गया है। ऑपरेशन अजेय के तहत दो नवजात बच्चों समेत 274 लोग विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंचे हैं। अब तक इस ऑपरेशन के तहत कुल 644 लोगों की वतन वापसी हो चुकी है।

**वतन वापसी पर खिले भारतीयों के चेहरेः** दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने इजरायल से भारत लौटे लोगों का स्वागत किया। विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे भारतीयों ने भारत सरकार और इजरायल स्थित



अधिकारियों का शुक्रिया किया। इजरायल से भारत आई पुष्पा सिंह ने कहा, "वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है, लेकिन अब भी सायरन और बॉम्ब ब्लास्ट की आवाजें गूंज रही हैं।" भारत आई एक अन्य यात्री पॉलोमी ने कहा, "पिछले कुछ दिन थोड़े अलग थे। कल हवाई अड्डे पर एक अलग अनुभव था, क्योंकि वहां भी हमने सायरनों की आवाज सुनी। ऑपरेशन अजेय भारत सरकार की एक अच्छी पहल है।" इजराइल से लौटे भारतीय नागरिक सुमित ने कहा, "तेल अवीव में हालात सामान्य हैं, लेकिन दक्षिण और उत्तर इजराइल में युद्ध के आसार हैं, इसलिए हम वापस लौट आए। सरकार ने बहुत अच्छा किया अच्छा काम। उन्होंने 2-3 दिनों के भीतर बहुत तेजी से प्रतिक्रिया दी।" इजरायल से लौटे भारतीय नागरिक दीपेंद्र पावरी ने कहा, "हम तेल अवीव में थे और वह इलाका बहुत सुरक्षित है। शुरूआत में, पहले दो दिनों तक हम डरे हुए थे, लेकिन सीमा क्षेत्र में डर ज्यादा था। तेल अवीव में समस्या थी, लेकिन थोड़ी घबराहट थी। इस बारे में अनिश्चितता थी कि क्या होगा?

निकासी प्रक्रिया बहुत अच्छी और त्वरित थी। हमने कल से एक दिन पहले इसके लिए आवेदन किया था और कल उड़ान मिल गई।" इजरायल से वापस आए भारतीय छात्रों ने कहा कि वे बयां नहीं कर सकते हैं कि पिछले कुछ दिनों में वे किस दौर से गुजरे हैं और उन्हें घर आकर कितना सुकून मिला है। सरकार इजरायल में फंसे अन्य लोगों को वापस लाने के लिए और अधिक उड़ानें चलाएगी। मालूम हो कि 18,000 से अधिक भारतीय इजरायल में हैं और 6,000 से अधिक लोगों ने घर वापसी के लिए भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराया है।

युद्ध का मैदान

**8 'वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है, लेकिन अब भी सायरन और बॉम्ब ब्लास्ट की आवाजें गूंज रही'**

## पूर्व पार्षद के फ्लैट से मिले 42 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**आयकर विभाग** यानी आईटी को बड़ी कामयाबी हासिल हुई। आईटी अधिकारियों ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक पूर्व पार्षद के आवास पर छापेमारी की और 42 करोड़ रुपये की राशि बरामद की। ये रुपये 23 डिब्बों में छिपाकर रखे गए थे।

**डिब्बों में पैक की गई थी राशि:** आईटी अधिकारियों ने बताया कि 42 करोड़ रुपये की राशि को डिब्बों में पैक किया गया था। इसके बाद इसे पूर्व पार्षद के स्वामित्व वाले एक फ्लैट के बिस्तर के नीचे छुपाया गया था।

**पांच स्थानों पर आईटी की रेड:** बता दें, आयकर विभाग की टीम ने पूर्व पार्षद से जुड़े पांच स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जिस फ्लैट में नकदी छिपाई गई थी, वह पूर्व पार्षद के रिश्तेदार के पास है। बरामद राशि 500 रुपये मूल्यवर्ग की थी। संदेह जताया जा रहा है कि जब्त की नकदी का इस्तेमाल तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में किया जाना था।

**शिवकुमार ने छापे को बताया राजनीति से प्रेरित:** जनता दल सेक्युलर के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को संदेह था कि नकदी से भरे कार्टन को तेलंगाना ले जाया जा रहा था। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने आरोप लगाया है कि आईटी का छापा राजनीति से प्रेरित है। ऐसे छापे न केवल कर्नाटक, बल्कि अन्य राज्यों में भी मारे जा रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में हवा बेहद खराब

## एलजी ने हरियाणा और पंजाब से लगाई गुहार, कहा-पराली जलाना रोकें, पांच जगह हवा गंभीर श्रेणी में और 20 से अधिक इलाकों में खराब श्रेणी में पहुंच गई

**दमघोंटू**

**8 ग्रैप के पहले चरण की बंदिशें लागू हैं। इसके बावजूद वायु प्रदूषण गहराता जा रहा है।**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मौसम में** बदलाव और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से राष्ट्रीय राजधानी में मौसम की सबसे प्रदूषित हवा दर्ज की गई। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 257 दर्ज किया गया। जब इस महीने दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई है। वहीं, पांच जगह हवा गंभीर श्रेणी में और 20 से अधिक इलाकों में खराब श्रेणी में पहुंच गई। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने स्थिति को देखते हुए हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर पराली जलाने पर रोक लगाने को कहा है। यह भी याद दिलाया कि इस बार भी पराली जलाने की घटनाएं दोनों राज्यों में ज्यादा देखी गई हैं। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के पहले चरण की बंदिशें लागू हैं। इसके बावजूद वायु प्रदूषण गहराता जा रहा है। अगर, एक्यूआई 300 के पार जाता है, तो यहां ग्रैप के चरण दो के नियम लागू हो सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हवा में नमी कम होने से प्रदूषण कण सघन हो रहे हैं। सफर इंडिया के मुताबिक, दिल्ली का पीएम 2.5 सांद्रता लगभग 104 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में है। वहीं, पीएम 10 सांद्रता करीब 230 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में है। मालूम हो कि पीएम 2.5 सांद्रता 60 तक सामान्य मापा जाता है और पीएम 10 सांद्रता 100 तक सामान्य रहता है। ऐसे में हवा और दूषित हो सकती है।

**मुंडका में एक्यूआई 390:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शनिवार को मुंडका में एक्यूआई सबसे अधिक 390 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में है। वहीं, डीटीयू में एक्यूआई 340, बवाना में 330, एनएसआईटी द्वारका में 310 व आनंद विहार में 332 दर्ज किया गया।

**पराली के धुएं से दो करोड़ लोग परेशान:** एलजी ने हरियाणा व पंजाब को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली के दो करोड़ से अधिक लोगों को पराली के धुएं से समस्या हो रही है। इसका असर समूचे एनसीआर में भी होता है।

प्रदूषण स्तर खराब करने में पांच राज्यों की भूमिका दिखी थी, जिसमें पंजाब ने ही सकारात्मक रुख नहीं अपनाया था। पराली, उद्योगों के अवशेष जलने व मौसम में बदलाव से हरियाणा की हवा में प्रदूषण बढ़ने लगा है। शनिवार को तीन सबसे प्रदूषित शहरों में हरियाणा का सोनीपत व बहादुरगढ़ भी रहे। यहां एक्यूआई औसतन 300 पार कर गया। बहादुरगढ़ व सोनीपत में एक समय एक्यूआई क्रमशः 491 व 424 तक पहुंच गया था। 8 अन्य शहरों में भी एक्यूआई 200 से अधिक रहा।

**टीमों को लगातार निरीक्षण करने का दिया निर्देश:** उन्होंने बताया कि निर्माण साइट्स पर 14 सूत्री नियमों को लागू करना जरूरी है। विभागीय टीमों का लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से कहीं भी निर्माण-विध्वंस कार्य में अनियमितता दिखने पर ग्रीन दिल्ली एप पर इसकी शिकायत करने की अपील की है।

### दिल्ली में 21 निर्माण साइट्स को नोटिस, 8.35 लाख का जुर्माना

राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार गंभीर है। निर्माण स्थलों पर जारी दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर 21 निर्माण स्थलों को नोटिस जारी कर 8.35 लाख का जुर्मान लगाया गया है। धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी डस्ट कैंपेन चलाया जा रहा है। संबंधित विभागों की टीम ने 1108 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि एंटी डस्ट कैंपेन सात नवंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान अलग-अलग टीमें दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर मानदंडों के उल्लंघन करने पर कार्रवाई कर रही है। गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए विंटर एक्शन प्लान के आधार पर ग्रीन वार रूम शुरू कर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा एंटी डस्ट अभियान, बॉयो डी-कम्पोजर का छिड़काव, मोबाइल एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव आदि प्रमुख है। इस अभियान में 13 विभागों को शामिल किया गया है। जिनमें डीडीए, एमसीडी ,डीपीसीसी ,जल बोर्ड, डीएसआईआईडीसी, डीसीबी ,दिल्ली मेट्रो , पीडब्ल्यूडी,राजस्व, सीपीडब्लूडी, एनडीएमसी समेत अन्य विभागों की 591 टीमें तैनात की गई है।

# मेट्रो में नहीं रुक रहीं आपत्तिजनक घटनाएं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली मेट्रो में आपत्तिजनक घटनाएं थम नहीं रही हैं। ऐसे में दिल्ली मेट्रो की फ्लाइंग स्क्वॉड व मेट्रो पुलिस आपत्तिजनक घटनाओं में शामिल लोगों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। फ्लाइंग स्क्वॉड ने अब तक एक भी आपत्तिजनक घटना में शामिल लोगों को मौके से नहीं पकड़ा है, जबकि वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई की जाती है। हाल ही में मेट्रो के अंदर एक युवती और युवक का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है, जिसमें युवक युवती के मुंह में कुल्ला कर रहा है। हालांकि, यह वीडियो किस लाइन का है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसके बावजूद कई यात्री सोशल मीडिया में मेट्रो प्रबंधन को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

**यात्रियों में नराजगी:** यात्रियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं रोकने में मेट्रो सख्ती नहीं दिखा रहा है। इससे आए दिन अभद्र व आपत्तिजनक वीडियो सामने आ रहे हैं। बता दें कि दिल्ली मेट्रो में आए दिन कोई न कोई रील या फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। इससे परेशान दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) को यात्रियों को कई बार सलाह और चेतावनी देनी पड़ी है। हाल ही में मेट्रो में पोल डांस, ब्रेक डांस समेत कई आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए हैं। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए डीएमआरसी ने मेट्रो में रील्स बनाने पर जुमार्ने का प्रावधान रखा है। साथ ही ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। बता दें कि डीएमआरसी ने मई में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात करने का फैसला लिया था। हालांकि, डीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि स्क्वॉड के सामने अभी तक इस तरह की घटना नहीं घटी है, जिससे उसने मौके से किसी को पकड़ा नहीं है।

# दिल्ली में आसमान छूने लगे फलों के दाम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में नवरात्र से एक दिन पहले फलों की कीमतों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। ज्यादातर फलों की कीमतों में 10-25 फीसदी का उछाल दिख रहा है। बाजार में अनार, केले, चीकू, पपीता, सेब, कच्चा नारियल समेत दूसरे फलों की मांग ज्यादा है। कारोबारियों का कहना है कि नवरात्र में फलों की मांग बढ़ गई है। दूसरे राज्यों से आने वाले फलों के दाम बढ़े हैं। इससे कीमतें भी बढ़ गई हैं। लाजपत नगर में फलों की दुकान लगाने वाले दुकानदार ऋषि ने बताया कि हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड से फल महंगे पहुंच रहे हैं, जिससे फलों की कीमत बढ़ गई है। आने वाले दिनों में इसमें और भी इजाफा होगा। जबकि आरके पुरम सेक्टर एक में फलों की दुकान लगाने वाले दुकानदार राजन ने बताया कि फलों की कीमतें अभी से बढ़ी हुई हैं। आने वाले दिनों में जब मांग तेजी से बढ़ेगी, तो ज्यादा दिक्कत होगी। जनपथ से पहाड़गंज बाजार में फल खरीदने आईं सुषमा ने बताया कि व्रत के लिए फलों और अन्य जरूरत के सामान की खरीदारी करने आई हूं। फलों के दामों में एकदम से बढ़ोतरी हुई है। वहीं, ओखला फल मंडी में बदरपुर से फल खरीदने आई सिमरन ने बताया कि वह इस बार पूरे व्रत रख रही हैं। इस वजह से उन्हें फल खरीदने हैं।

**ज्यादातर फल 100 के पार, अंगूर का दोहरा शतक:** फल विक्रेताओं ने बताया कि सामान्य गुणवत्ता का सेब 125 से 150 रुपये प्रति किलो, संतरा 70 से 80 रुपये, अनार 130 से 180 रुपये और अंगूर 200 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। जबकि केला 60 से 80 रुपये दर्जन तक बिक रहा है। इसी तरह पपीता, सिंघाड़ा समेत तमाम फलों की

# मोदी की जनसभा के वक्त बालकनी और छत पर नहीं जा सकेंगे लोग

**सुरक्षा**

**8 पीएम के रैपिडएक्स के उद्घाटन करने से पूर्व पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने म कर दी हैं**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के रैपिडएक्स के उद्घाटन करने से पूर्व पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित जनसभा स्थल के आसपास की सोसायटी और मकान में रहने वाले लोग छत और बालकनी में नहीं निकल सकेंगे। नए लोगों के आने की पुलिस को जानकारी देनी होगी। पुलिस की ओर से आरडब्ल्यूए, मकान मालिक, को नोटिस जारी किए गए हैं।

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के सख्त इंतजाम:** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा सख्त रहेगी। वसुंधरा सेक्टर आठ स्थित जनसभा स्थल के आसपास की हाईराइज सोसायटियों के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, मकान में रहने वाले लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान छत पर और बालकनी में जाने की अनुमति नहीं होगी।

मंच के पीछे मकान में रहने वाले लोग भी बालकनी व छत पर नहीं निकलेंगे। इसको लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंदिरापुरम की ओर से नोटिस जारी किया गया है, जिसमें लिखा गया है कि सुरक्षा के चलते सभी लोगों का सत्यापन किया जाए। कोई भी नया परिवार, व्यक्ति यदि सोसायटी में आता है तो इसकी सूचना, पहचान पत्र थाना प्रभारी निरीक्षक इंदिरापुरम को दें। कार्यक्रम स्थल के सामने 24 मंजिला मेट्रो स्यूट सोसायटी में अभी आठ परिवार रह रहे हैं। अन्य फ्लैट खाली हैं। सभी को नोटिस दिया गया है। यहां पर पुलिसबल तैनात किया जाएगा। साथ ही ड्रोन से सख्त निगरानी की जाएगी।

**दुकानदारों का किया जा रहा है सत्यापन:** सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के मकानों में रहने वाले लोगों, सोसायटियों में काम करने वाले कर्मचारियों, सुरक्षा गार्डों, दुकानदारों आदि का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस ने सभी के पहचान पत्र, आधार कार्ड लिए हैं।

### छत पर तैनात होंगे पुलिसकर्मी

**आसपास** की सभी सोसायटियों, मंच के पीछे मकानों की छतों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी। मंच के पीछे से, साहिबाबाद रैपिड स्टेशन की ओर से आम लोगों का प्रवेश बंद रहेगा। जनसभा स्थल पर सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चौक चौराहों पर भी निगरानी रहेगी।

# पुलिस को सफलता: तीन घंटे में 3 पीसीआर कॉल, पुलिस ने दबोचे छह बदमाश

**शिकंजा-**

**8 ईडी अधिकारी बनकर व्यवसायी के घर आए और उनको डरा धमका कर 3.20 करोड़ रुपये नकद लूट लिया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** की पीसीआर की सक्रियता से शनिवार देर रात तीन घंटे के अंदर तीन अलग-अलग आपराधिक मामलों की कॉल मिलते ही पीसीआर कर्मियों ने तुरंत काल पर पहुंच कर बदमाशों का पीछा कर छह बदमाशों को दबोच लिया। बदमाशों के कब्जे से चार अवैध हथियार, कारतूस, 71 लाख नकद व चोरी की एक कार जब्त की गई है। त्योहारों में हर साल दिल्ली में लूटपाट की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में पीसीआर को अलर्ट कर दिया गया है।

**ईडी अफसर बन बदमाशों ने लूटे 3.20 करोड़**
डीसीपी पीसीआर आनंद कुमार मिश्रा के मुताबिक, 14 अक्टूबर की देर रात बाहरी-उत्तरी जिले के बाबा हरिदास नगर थानाक्षेत्र के गोपाल नगर में खड़ी पीसीआर को रात करीब एक बजे काल मिली कि प्रवर्तन निदेशालय का अधिकारी बनकर छह लोग दो कारों में सवार होकर एक व्यवसायी के घर आए और उनको डरा धमका कर 3.20 करोड़ रुपये नकद लूटकर चंपत हो गए। सेंट्रल कमांड रूम से उक्त सूचना को पूरी दिल्ली में फ्लैश कर दिया गया। कालर से पूछताछ के बाद उस इलाके के पीसीआर कर्मियों ने संदिग्ध कारों की चेकिंग शुरू कर दी। एक संदिग्ध कार पर नजर पड़ने पर जब उसे रोकने का इशारा किया गया तब चालक कार लेकर लापरवाही से भागने लगा। इसपर चार पीसीआर ने करीब दो किलोमीटर तक पीछा कर बदमाश की कार को लालबत्ती के पास घेर लिया। कार को रोकते ही बदमाश ने बाहर निकलकर पुलिसकर्मियों पर पिस्टल तान दी। पीसीआर कर्मियों ने भी उसपर पिस्टल तान दी। खुद को घिरा देख बदमाश गोली चलाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। जिसके बाद सीपीआर कर्मियों ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक पिस्टल, चार कारतूस, 70 लाख नकद व चोरी की कार बरामद किए हैं। बाबा हरिदास नगर थाना पुलिस अब बदमाश से पूछताछ कर उसके पांच अन्य साथियों को दबोचने व डकैती की शेष रकम बरामद करने का प्रयास कर रही है।

**बाबा हरिदास नगर से मिली दूसरी कॉल :** दूसरी कॉल भी एक घंटे के अंतराल यानी दो बजे बाबा हरिदास नगर इलाके में ही मिली। कालर ने काल करके बताया कि सफेद रंग की बैगनआर कार में सवार युवकों के पास अवैध हथियार है। वे कहीं आराधिक वारदात करने जा रहे हैं। कॉल फ्लैश होते ही आसपास खड़ी दो पीसीआर ने उक्त कार को ढूंढ कर पीछा करना शुरू कर दिया। करीब डेढ़ किलोमीटर तक पीछा कर एक फ्लाई ओवर के पास पीसीआर ने बदमाशों की कार को रोक लिया और उसमें सवार तीन बदमाशों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर तीन कट्टा व तीन कारतूस मिले। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है।

# दिल्ली में हॉर्न पर विवाद: छात्र को रास्ता मांगना पड़ा भारी

**दांत तोड़ा**

**8 बाइक सवार ने अपने साथी के साथ मिलकर छात्र की पिटाई कर दी और ईंट मारकर उसका दांत तोड़ दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पालम इलाके** में स्नातक के छात्र को हार्न बजाकर एक बाइक सवार से रास्ता मांगना भारी पड़ गया। बाइक सवार ने अपने साथी के साथ मिलकर छात्र की पिटाई कर दी और ईंट मारकर उसका दांत तोड़ दिया। छात्र के बचाव में आए उसके दो साथियों पर भी आरोपियों ने ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पीड़ितों के बयान पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पीड़ितों की पहचान पालम निवासी रोहन (17), कौशल (16) और अभय (17) के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में रोहन ने बताया कि वह स्नातक का छात्र है। 11 अक्टूबर की रात करीब 8.40 बजे वह अपने दोस्त अभय के साथ स्कूटी से महरौली रोड पर जा रहे थे। डेयरी के पास जाम होने की वजह से वह रूका हुआ था। उसके आगे एक बाइक सवार खड़ा था। उन्होंने उससे आगे निकलने के लिए हार्न बजाया। इसपर बाइक सवार गुस्से में आ गया और उनसे कहासुनी करने लगा। फिर फोन कर अपने एक साथी को बुला लिया। तब तक रोहन अपने दोस्त के साथ स्कूटी से वहां से चले गए। आरोप है कि बाइक सवार ने उनकी स्कूटी का पीछा किया और उन्हें रोककर पिटाई करने लगे। इसी दौरान रोहन का दोस्त कौशल भी वहां पहुंच गया। आरोपियों ने रोहन की पिटाई करने के बाद ईंट मारकर उसकी दांत को तोड़ दिया।

# दिल्ली पुलिस के सिपाही ने खुद को मारी तीन गोलियां

**हालत गंभीर**

**8 पहली बटालियन में तैनात सिपाही मंदीप ने अत्याधुनिक इंसास राइफल से सीने में तीन गोली मार ली**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मान सरोवर पार्क में दिल्ली पुलिस की पहली बटालियन में तैनात सिपाही मंदीप ने अत्याधुनिक इंसास राइफल से सीने में तीन गोली मार ली। गंभीर हालत में उन्हें पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिपाही के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इसलिए गोली मारने के कारण की जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। मानसरोवर पार्क थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीपी पीसीआर आनंद कुमार मिश्रा के मुताबिक पीसीआर को शनिवार देर रात 2.37 बजे कॉल मिली। मौके पर पहुंची पीसीआर ने उसे तुरंत मैक्स अस्पताल में भर्ती करा दिया। मंदीप मूलरूप से हरियाणा के भिवानी का रहने वाला है। परिवार में पत्नी व एक बेटी है। उसकी फैमिली भिवानी में ही रहती है।

**दिल्ली में अकेले रहते हैं मंदीप:** कुछ सालों से उसकी तैनाती दिल्ली पुलिस की पहली बटालियन में है। वह दिल्ली में अकेले रहता है। दिल्ली पुलिस में एक से लेकर 12 बटालियन पुलिस हैं। हर जिले के विभिन्न थानों में रिजर्व पुलिस के तौर बटालियन पुलिस के रहने के लिए बैरक की व्यवस्था की गई है ताकि किसी जिले को कोई इमरजेंसी पड़ने पर वहां से तुरंत अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा जा सके।

**सरकारी इंसास राइफल से मारी गोली:** मान सरोवर पार्क थाने में पहली बटालियन का बैरक है जहां पर मंदीप की शनिवार रात से सुबह तक ड्यूटी थी। ड्यूटी के दौरान उसने सरकारी इंसास राइफल से एक के बाद तीन गोली सीने में मार ली। उसके हाथ पर गन शॉट के पाउडर मिले हैं। जांच से पता चला है कि उसने ब्रस्ट मोड पर बटन को सेट नहीं किया था। इंसास की मैग्जीन में कई गोलियां भरी हुई पाई गई। पुलिस का कहना है कि अगर वह ब्रस्ट मोड पर बटन को सेल कर-के ट्रिगर को दबाता तब मैग्जीन में भरी हुई सभी गोलियां निकल जाती।

# संजय सिंह: आप नेता ने ईडी की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**उठाल सवाल**

**8 आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता ने कहा कि ईडी ने संजय सिंह को आठ दिन रिमांड में रखा, लेकिन उनसे केवल तीन घंटे ही पूछताछ की**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी ने सांसद संजय सिंह को रिमांड में लेकर ईडी की ओर से पूछे गए सवालों पर प्रश्न उठाया है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता ने कहा कि ईडी ने संजय सिंह को आठ दिन रिमांड में रखा, लेकिन उनसे केवल तीन घंटे ही पूछताछ की। इससे भी बड़ा हास्यप्रद ये है कि ईडी ने उनसे अधिकतर गैर जरूरी प्रश्न किए। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था। उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा उन्हें दी गई रिमांड को भी चुनौती दी। ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब समाप्त हो चुकी दिल्ली शराब नीति को तैयार और लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# वायरल में भूलकर भी न लें एंटीबायोटिक, यह ठीक करने की जगह आपको और बीमार कर देगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अगर** आप वायरल से परेशान हैं तो एंटीबायोटिक दवा भूलकर भी न लें। यह ठीक करने की जगह आपको और बीमार कर देती है। बावजूद इसके ऐसे बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं जिन्होंने अपनी मर्जी से या निजी संस्थान के डॉक्टरों के कहने पर दवा के साथ एंटीबायोटिक ली। दरअसल मौसम बदलने, प्रदूषण का स्तर खराब होने सहित अन्य कारणों से एक बार फिर से वायरल तेजी से बढ़ रहा है। पिछले कुछ माह से देखा जा रहा है कि वायरल पीड़ित मरीज तीन से चार सप्ताह तक परेशान हो रहे हैं। ऐसे में डॉक्टरों ने मरीजों को सतर्क रहने को कहा है। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि एंटीबायोटिक बैक्टीरियल इन्फेक्शन के लिए दी जाती है जबकि वायरल वायरस से होने वाली समस्या है। ऐसे में एंटीबायोटिक वायरल पर कोई असर नहीं करेगी, बल्कि मरीज को दस्त, शरीर में पानी की कमी और रोग प्रतिरोधक क्षमता घटाना सहित अन्य तरह की परेशानियां दे सकती है। डॉ. कुमार ने कहा कि अगले दो-तीन सप्ताह तक मरीजों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव, प्रदूषण सहित अन्य कारणों से वायरल के मामले बढ़ सकते हैं। इस बार वायरल की समस्या सामान्य से ज्यादा समय तक परेशान कर रही है। अस्पताल आने वाले मरीजों के आंकड़े बताते हैं कि ऐसे मरीज दो से तीन सप्ताह तक परेशान रहते हैं।

**एंटीबायोटिक की नहीं होती जरूरत:** एम्स में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. पूर्वा माथुर व ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ. कामरान फारूक ने कहा कि वायरल में एंटीबायोटिक की जरूरत नहीं होती बावजूद इसके देखा जा रहा है कि कुछ डॉक्टर वायरल में भी एंटीबायोटिक दवा दे रहे हैं जो मरीजों की समस्या को बढ़ा देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों के लिए सलाह जारी की गई है कि वह वायरल में एंटीबायोटिक न लें।

**ताजा और पौष्टिक भोजन करें**
आने वाले दिनों में बुजुर्ग, छोटे बच्चे और बीमार लोगों को विशेष ध्यान रखना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो से तीन सप्ताह में एक बार फिर से वायरल का प्रकोप बढ़ सकता है। ऐसे में जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, वह आसानी से इसकी चपेट में आ सकते हैं। ऐसे मरीजों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ताजा व पौष्टिक भोजन करना चाहिए। साथ ही फल व सब्जियां (मौसमी व हरे पत्तेदार सब्जियां) खानी चाहिए।

**वायरल की प्रकृति में बदलाव**
विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद से वायरल की प्रकृति में बदलाव देखा जा रहा है। सामान्य दिनों में वायरल पांच दिन तक रहता है, लेकिन पिछले कुछ माह से वायरल का प्रकोप दो से तीन सप्ताह तक देखा जा रहा है। इसके अलावा पोस्ट वायरल इंफेक्शन भी मरीजों को परेशान कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि वायरस समय के साथ हमारे शरीर के साथ अपने स्वरूप में बदलाव करता है। शरीर भी उसके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेता था, लेकिन पिछले कुछ साल में इनकी चेन टूटी है, जिस कारण वायरस ज्यादा प्रभावी होकर आसानी से लोगों को परेशान कर रहा है। इसके अलावा लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हुई है।

# मानव सेवा ट्रस्ट प्रथम डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन: ज्ञान और सामुदायिक सेवा का प्रतीक

## मानवता के कल्याण के लिए ट्रस्ट की स्थायी प्रतिबद्धता पर जोर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान** और सामुदायिक सेवा की खोज में एक नया अध्याय रविवार को सामने आया जब मानव सेवा ट्रस्ट ने सोनीपत में अपनी पहली डिजिटल लाइब्रेरी के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया। 15 अक्टूबर, 2023 को आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा, समावेशिता और मानवता के कल्याण के प्रति ट्रस्ट की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था। डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन वीएसपी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, सोनीपत के सम्मानित प्रबंध निदेशक पालाराम द्वारा बड़े सम्मान और उत्साह के साथ किया गया, जिन्होंने आज की दुनिया में ज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया। निखिल मदान स्पेशल गेस्ट के रूप में उपस्थित थे। सुरेन्द्र मदान ने आकर शोभा



बढ़ाई । सोनीपत से गौरव लूथरा, पंकज सेठ, विक्रम चौधरी, राजेश राय, विजय मेहता, विवेक आर्य, उमेश धारा, हरीश अरोड़ा, अरुण धमीजा, संदीप गिरधर, नवीन रेलन, राकेश कालरा इत्यादि जाने माने लोग उपस्थित थे। मानव की सेवा की विरासत स्वर्गीय श्री टीसी अलख द्वारा 1978 में स्थापित, मानव सेवा ट्रस्ट (पंजीकृत) हमेशा समाज की भलाई के लिए समर्पित रहा है। ट्रस्ट ने लगातार अपने आदर्श वाक्य को बरकरार रखा है: "मानवता की सेवा ईश्वर की सेवा है। यह उद्घाटन समारोह ट्रस्ट के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जो व्यक्तियों और समुदायों की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए

**प्रतिबद्धता**

**8 सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए चार दशकों से अधिक समय से लगातार काम कर रहा है**

चार दशकों से अधिक समय से लगातार काम कर रहा है। पुस्तकालय का उद्घाटन करने वाले श्री पालाराम ने समुदाय के लिए शिक्षा और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए मानव सेवा ट्रस्ट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "यह डिजिटल लाइब्रेरी ज्ञान को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। यह ज्ञान और प्रौद्योगिकी के सामंजस्यपूर्ण एकीकरण का प्रतीक है, जो समुदाय को सीखने की एक किरण प्रदान करता है।"
समर्पित नेतृत्व इस महत्वपूर्ण प्रयास की सफलता का श्रेय मानव सेवा ट्रस्ट के समर्पित नेतृत्व और अथक प्रयासों को दिया जा सकता है। अध्यक्ष सुमीत अलख, मानद महासचिव राकेश शर्मा, और समारोह के मास्टर ऑफ सेरेमनी महेंदर पाल वशिष्ठ, अन्य ट्रस्ट सदस्यों के साथ, इस आयोजन को एक शानदार सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उद्घाटन के दौरान सामुदायिक सेवा के प्रति समावेशिता और प्रतिबद्धता का उनका साझा दृष्टिकोण स्पष्ट था। प्रधान सुमीत अलख ने पुस्तकालय के उद्घाटन पर विचार करते हुए, इस लंबे समय से पोषित सपने के साकार होने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए ट्रस्ट की स्थायी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# मसालों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा अनुदान

**योजना**

**8 प्रदेश में मसालों की खेती को बढ़ावा देने के लिए अनुदान योजना की शुरूआत की गई है**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में मसालों की खेती को बढ़ावा देने के लिए अनुदान योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत लहसुन, मैथी व धनिया सहित मेंथा, लेमन ग्रास, सिट्रोनेला की खेती करने पर किसान को 30 हजार रुपए तक का अनुदान मिलेगा।
डीडीए डा. सुरेंद्र मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के लिए मसालों की खेती पर अनुदान देने का निर्णय लिया गया है। सरकार द्वारा नई योजना की शुरूआत कर उद्यान विभाग द्वारा अब बागवानी के क्षेत्र में मसालों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के तहत लहसुन पर 30 हजार प्रति एकड़ तथा धनिया व मैथी पर 15 हजार प्रति एकड़ सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुगंधित पौधों जैसे मेंथा, लेमन ग्रास, सिट्रोनेला की खेती पर 40 प्रतिशत की दर से छह हजार 400 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है। योजना के तहत एक किसान अधिकतम 10 एकड़ तक लाभ ले सकता है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल हॉर्टनैट.जीओवी.इन पर आवेदन कर सकते हैं। उत्पादन से पूर्व होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत उत्पादक किसान इन फसलों का बीमा भी करवा सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उत्पादक का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर रजिस्ट्रेशन होने जरूरी है। इच्छुक किसान अधिक जानकारी के लिए जिला बागवानी अधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

# सीआरपीएफ महिला बैंड ने दिया राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना का संदेश

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** डीआईजी नरेन्द्र पॉल, ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ पिंजौर ने कहा कि नारी के बिना जीवन अधूरा है। नारी जननी, मां, बेटी, बहू, बहन है, नारी शक्ति का प्रतीक है। हमें नारी का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत जैसा कोई देश नहीं और सीआरपीएफ जैसी कोई फोर्स नहीं। वे रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवदगीता सदन के प्रांगण में राष्ट्रीय एकता दिवस- एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ पिंजौर, छात्र कल्याण अधिष्ठाता व केयू स्पोर्टस विभाग की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरदार पोस्ट की वीर गाथा से सम्बन्धित सीआरपीएफ की लघु फिल्म भी दिखाई गई।
डीआईजी नरेन्द्र पॉल ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे हैं। महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सांसद, विधायक, सरपंच, पायलट, सहित हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर देश में विकास में अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने बताया कि श्रीनगर, शिलांग एवं



**सम्मान**

**8 नारी जननी, मां, बेटी, बहू, बहन है, नारी शक्ति का प्रतीक है। हमें नारी का सम्मान करना चाहिए**

कन्याकुमारी से महिला बटालियन का दल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर, गुजरात में पंहुचेगा। केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. शुचिस्मिता ने डीआईजी नरेन्द्र पॉल, कमांडेट आफिसर मनोज कुमार, परमाल सिंह, सीआरपीएफ महिला बैंड, बाइकर्स दल का स्वागत करते हुए कहा कि नारी शक्ति का स्वरूप है। नारी अपने परिवार को छोड़कर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। केयू खेल निदेशक व कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. राजेश सोबती ने कहा कि वास्तव में नारी शक्ति का ही दूसरा नाम है। जब वे एकत्रित होती हैं तो वे देश की एकता व अखंडता को बनाने में अहम्‌ भागीदारी निभाती हैं।
सीआरपीएफ से आफिसर नीरज कुमार ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि सीआरपीएफ का दल 3 अक्टूबर को श्रीनगर के लाल चौक से चलकर आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रांगण में पहुंचा है। सीआरपीएफ बाईकर्स दल की लीडर तारा यादव ने अपने 38 वर्ष के अनुभव को सांझा किया। इसके साथ ही सीआरपीएफ महिला जवान अनिका व संजू ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए।

# हमें महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए: संदीप गर्ग

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेल्लन महिला विंग द्वारा मनाई गई जयंती

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** शनिवार देर सांय शहर की ब्रह्मा वाली धर्मशाला में लाडवा की अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग की ओर से श्री महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से बनाई गई। जिसमें समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वही मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा अग्रवाल समाज इतना अग्रणीय है कि वह सभी की सेवा और सहयोग करने के लिए हमेशा तथ पर रहता है। उन्होंने कहा कि श्री महाराजा अग्रसेन जी ने सदा



अग्रवाल बिरादरी के लिए काम किया है और उनके दरवाजे पर जो भी कोई समाज का व्यक्ति जाता था, उसे वह एक रुपया और एक ईंट देते थे और उनकी मदद करते थे। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। इससे पूर्व समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग का कार्यक्रम में पहुंचने पर महिलाओं द्वारा स्वागत किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी

**प्रेरक**

**8 भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता के चित्र पर पूष्पार्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी**

संदीप गर्ग ने माता लक्ष्मी जी व महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके करवाया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। महिला विंग की प्रधान उर्मिला अग्रवाल ने अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन महिला विंग द्वारा करवाए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। वहीं जयंती के दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता के चित्र पर पूष्पार्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर अमीता जैन, उषा बंसल, भूमि गर्ग, संदीपा गर्ग, कमलेश, सुनीता मंगला, भावना गुप्ता, कोमल, मुक्ता, सुनीता, राखी, उषा, सपना, नेहा, सविता, मोनिका, गरीमा, निहारिका, निशा, उर्मिला सिंगला, शशि, बबीता, कृष्णा सहित समाज की अनेक महिलाए उपस्थित थी।

# गांव भेसवाल में लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा गांव भेसवाल में लगाया रक्तदान शिविर इस अवसर पर मुख्य अथिति स्टेट अवॉर्डी प्रवक्ता दिलबाग सिंह ने किया शिविर का उदघाटन और फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज के रक्तदान शिविर में 33 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया इस अवसर पर इस अवसर पर समाजसेवी संस्था
सेवा ट्रस्ट यू-के (इंडिया) से प्रवीन वत्स ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को इम्यूनिटी बूस्टर किट भेंट की !इस



अवसर पर समाज सेवी रवि मलिक भेसवाल,पहलवान हवा सिंह अंतिल,कोच राजेश मलिक,भुमित दहिया,मनोज गुप्ता,सागर रापीडिया,संदीप मलिक सरपंच, पूर्व पाले राम सरपंच मोहित मलिक,सागर मलिक, सनी मलिक,सुबोध मलिक उपस्थित रहे।

# संदीप गर्ग द्वारा लगवाए गए नि:शुल्क हेल्थ चेकअप में 297 लोगों ने करवाई जांच



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव बीड़ पिपली में निःशुल्क हैल्थ चेकअप कैम्प व निःशुल्क आंखो का जांच शिविर लगाया गया। कैम्प में भारी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आंखों की जांच करवाई। सरपंच प्रतिनिधि राजेश सैनी, बलबीर, सतीश कुमार, चन्द्रभान, गुलाब, रमनदीप आदि ने कहा कि जो नेता संदीप गर्ग द्वारा हल्के के प्रत्येक गांवो में लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए हेल्थ चेकअप कैम्प लगाए जा रहे हैं। इससे ज्यादा सराहनीय कार्य कोई हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए और जो वह सामाजिक कार्य कर रहे हैं उसमें अपनी

**सेवा**

**8 कैम्प में भारी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आंखों की जांच करवाई गई**

भागीदारी जरूर निभानी चाहिए। वहीं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना चाहिए और जो यह निःशुल्क हेल्थ कैम्प लगते हैं। इनमें जाकर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवानी होनी चाहिए। वहीं उन्होंने बताया कि कैम्प में 297 लोगों ने अपने स्वास्थ्य व आंखो की जांच करवाई तो वहीं 190 लोगों को संदीप गर्ग द्वारा निःशुल्क चश्में वितरित किए गए।

# इद्रीश फाउंडेशन ने गतिविधि दिवस मनाया, बच्चों को ओएमजी- 2 फिल्म दिखाई गई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**इद्रीश** फाउंडेशन की ओर से गतिविधि दिवस मनाया गया। इस दौरान उम्र के साथ बढ रहे बच्चों को ओएमजी- 2 फिल्म दिखाई गई। टीचर लक्ष्मी जी ने बढती उम्र में आने वाले बदलाव और उनसे किस तरह से संभलना है इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की आजकल हर बच्चे के हाथ में मोबाइल है और वह गलत कंटेंट देखकर अपने शरीर को खराब कर लेते है। जो कि बच्चों के न केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्थिति को भी खराब करता है। ऐसे में बढती उम्र के बच्चों को इस बारे में



जानकारी देना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।जिससे कि बच्चे गलत राह पर न निकले और बढती उम्र के साथ शरीर में होने वाले बदलावों के बारे में जान सके।

**गतिविधि**

**8 आजकल हर बच्चे के हाथ में मोबाइल है और वह गलत कंटेंट देखकर अपने शरीर को खराब कर लेते है**

वहीं क्षेत्र प्रभारी टांगरी अभिषेक चौहान ने कहा कि परीक्षाएं खत्म हो चुकी है। इस दौरान कुछ अच्छा सिखाने पर फोकस कर रहे हैं। जिसमें बच्चो को भारतीय संस्कृति से जोड़ा जा सके और अलग अलग तरीखों से ज्ञान बढ़ाया जा सके। इसी कड़ी में ओएमजी- 2 फिल्म दिखाई गई, जिसका मकसद यह है कि बच्चों को वक्त रहते हर चीज की जानकारी हो। चाहे वह शरीर में हो रहे बदलावों से जुड़ी हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी बच्चों को इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी जाती है।जिस कारण ही बच्चे गलत संगत में पड जाते है और गलत कार्य करते हैं। इन्हीं सबसे बच्चों को बचाने के लिए समय समय पर संस्था बच्चों को विभिन्न विषयों पर शिक्षा देने का कार्य कर रही है। जो की आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर अंश, जतिन, वंदना, नैनसी, कृष्णा, धृति, सोनिया, लक्ष्मी आदि ने पूर्ण सहयोग किया।

# देश और राज्य में तानाशाह तथा जुमलों की सरकार है जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है : झा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला सिटी विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक एआईसीसी के जिला समन्वयक प्रभाकर झा के उपस्तिथि में हुई जिसमें अंबाला सिटी कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में उपस्तिथि दर्ज कराई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभाकर झा ने कहा कि देश और राज्य में तानाशाह तथा जुमलों की सरकार है जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है और आम जनों ने कांग्रेस को सत्ता देने का मन बना चुकी है। श्री झा ने संगठन पर बल देते हुए कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है तथा कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं के सहयोग से और आम जनता के आशीर्वाद से 2024 में भाजपा की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी। प्रभाकर झा ने





कहा कि केंद्र और राज्य में बैठी जुमलेबाज भाजपा की सरकार से लड़ने के लिए कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए उदयपुर के चिंतन शिविर में महत्वपूर्ण निर्णय लिया था और उसी निर्णय को जमीन पर उतारने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से हरियाणा राज्य के प्रभारी दीपक बाबरिया जी ने संगठन विस्तार करते हुए बूथ स्तर पर मंडलम और सेक्टर की कमिटी गठन करने का निर्णय लिए है तथा इसके लिए मुझे अंबाला जिला का समन्वयक नियुक्त किया है जिससे बूथ स्तर तक पहुंचकर कांग्रेसजनों की सहभागिता एवं समन्वय स्थापित कर कार्यकताओं का नाम एवं सुझाव से उन्हें अवगत करा सकू जिससे शीर्ष नेतृत्व सही निर्णय लेकर बूथ तक कमिटी बना सके। श्री झा ने कहा कि संगठन में अनुशासन अति आवश्यक है और हरियाणा प्रभारी आदरणीय दीपक बाबरिया सर का स्पष्ट निर्देश है कि संगठन में अनुशासन हीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा सोशल मीडिया में गलत पोस्ट डालना , पार्टी के किसी अन्य नेता की छवि धूमिल करने का प्रयास करना साथ ही साथ पार्टी लाइन के खिलाफ कार्य करना भी अनुशासनहीनता मानी जाएगी। श्री झा ने कांग्रेसजनों से अनुरोध कर कहा कि मैं बूथ स्तर तक जाऊंगा तथा सभी कांग्रेसजन अपने- अपने मंडलम एवं सेक्टर की बैठक में उपस्थित

**मंथन**

**8 कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं के सहयोग से और जनता के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी**

होकर नाम का सुझाव या प्रस्ताव दे जिससे आदरणीय दीपक बाबरिया सर को अवगत कराया जा सके । श्री झा ने कहा कि आगे के सभी कार्यक्रम की जानकारी जिला कांग्रेस के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी और कोई भी कांग्रेस का कार्यकर्ता मुझसे मिलकर संगठन की मजबूती को लेकर सुझाव देना चाहते है तो जिला कांग्रेस कार्यालय में मुझसे मिलकर दे सकते है । इस मौके पर पूर्व विधायक जसबीर मलौर , पूर्व अध्यक्ष नगर निगम हरीश सासन , वरिष्ठ नेत्री अमीषा चावला ,पार्षद पति ईशू गोयल , पार्षद मिथुन वर्मा , युवा जिलाध्यक्ष प्रतीक चौधरी ,वरिन्दर दीक्षित, रोहित शर्मा ( विशु ) ,सोनू राणा , एस के गुप्ता , रवि वाल्मीकि , कुलदीप गुल्लू , हरजीत बब्बल, राजकुमार गामा , संजीव फौजी , रवि मोतीनगर , टहल राम , कृष्ण लाल काला ,रोहित जैन , बलविंदर पूनिया , हरजिंदर पूनिया , तरूण चुघ , गुलशन शर्मा बीसी सैल प्रधान , अनंत काजल , राजबीर काला , चन्द्रमोहन काला , टिंका कांवला, अजैब सौंटा,संजीव फौजी , रश्मि शर्मा ,कृष्ण लाल , राहुल बहोत्रा ,तरणदीप पूनिया, गौरव चोपड़ा , कवंल गुलाटी ,शिवम , हरबंस सिंह, बलजीत सिंह , राहुल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद रहे ।

# चौ. शिवकरण की पुण्यतिथि पर गुरु कुल मटिण्डू पहुंचे पूर्व सीएम हुड्डा

**खरखौदा/सोनीपत /सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** के गुरुकुल मटिंडू के प्रांगण में रविवार को गुरुकुल के सहझसंस्थापक चौधरी शिवकरण की 68वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि हवन का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक महान विभूतियों जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर चौधरी शिवकरण की पुण्यतिथि पर किए गए हवन में आहुति डाली। बिग्रेडियर सत्यदेव दहिया की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि शिक्षा समाज सुधार का सबसे प्रबल



साधन है। आज चौधरी शिवकरण की पुण्यतिथि के अवसर पर पधार कर गर्व महसूस कर रहा हूं। हम सबको गर्व महसूस करना चाहिए कि हम इस महान- संस्थान से जुड़े हुए हैं। आज के समय समाज में चारों ओर स्वार्थ और स्वहित की भावना है। चौधरी शिवकरण की उस समय पर कितनी महान सोच रही होगी कि उन्होंने निशुल्क शिक्षा हेतु यह संस्थान रूपी पौधा रोपा और आज वह वट वृक्ष बनकर समाज को शिक्षा रूपी फल प्रदान कर रहा है। चेयरमैन ब्रिगेडियर सत्यदेव ने जब से इस संस्थान का कार्यभार संभाला है तबसे यह आसमान की बुलंदियों को छू रहा है। इस क्षेत्र में पहले शिक्षा की कमी थी,लेकिन इस गुरुकुल के साथ ही आसपास के क्षेत्र में अन्य गुरुकुल स्थापित किए गए, जिसके बाद यहां पर शिक्षा का प्रचार व प्रसार होता चला गया। जिसके साथ-साथ आजादी की लड़ाई में यहां से स्वतंता सेनानियों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का भी शिक्षा के प्रचार प्रसार और देश की आजादी में बड़ा हाथ रहा है। इस अवसर पर ब्रिगेडियर सत्यदेव दहिया ने कहा कि गुरुकुल मटिंडू की स्थापना 1915 में चौधरी पीरू सिंह और उनके छोटे भाई चौधरी शिवकरण ने की थी। चौधरी शिवकरण गुरुकुल मटिंडू के सह संस्थापक भी रहे हैं और उन्होंने लंबे समय तक इस संस्था के चेयरमैन का पद भी संभाला है। उनके कार्यकाल और व्यक्तित्व की बदौलत यह संस्था आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। गुरुकुल शिक्षा परिषद में उनके नाम से शिवकरण शिक्षा महाविद्यालय लंबे समय से सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी शिवकरण एक महान- व्यक्तित्व के धनी, दीर्घगामी, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने विकट परिस्थितियों में सन 1928 में गुरुकुल संस्थान की बागडोर को संभाला था।

# 'पूजा, अर्चना करके समाज में फैली बुराइयों का अंत करने का संकल्प लेना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** मां दुर्गा ने पृथ्वी पर आतंक मचाने वाले महिषासुर नाम के राक्षस का वध करके देवताओं के कष्ट को दूर किया था इसी तरह हमें भी नवरात्र के दिनों में व्रत, पूजा, अर्चना करके समाज में फैली बुराइयों का अंत करने का संकल्प लेना चाहिए। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने न्यू ब्रह्म कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर तथा नारायणी माता मंदिर महलाना रोड में आयोजित कार्यक्रम में मां की पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नवरात्रों के अंतिम दिन ही मां दुर्गा ने प्रकट होकर भगवान श्री राम को विजय का आशीर्वाद दिया था इससे पहले भगवान श्री राम ने नौ दिनों तक



साधना कर दसवें दिन रावण का वध किया था। राजीव जैन ने कहा कि नवरात्र के व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय जिससे अंतःकरण की शुद्धि होती है। आज जिस तरह से चारों तरफ विकारों का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है ऐसी स्थिति में नवरात्रि का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने सभी से बेटियों को गर्भ में ना मारने की अपील की ताकि अष्टमी और नवमी के दिनों में पूजा के लिए उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अशोक शर्मा, जगबीर अत्री एडवोकेट, पंडित मुकेश शर्मा, पूर्व पार्षद सरला देवी, दिवाकर सलूजा, राजकुमार शर्मा, महेन्द्र, ओम प्रकाश, करतार, कृष्ण, धर्म चंद्र, नंद किशोर, रामनिवास, अशोक आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गोहाना से जेजेपी को बड़ा झटका, पूर्व हलका अध्यक्ष भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**

गोहाना से दो बार हलका अध्यक्ष रहे नरेंद्र गहलावत ने जननायक पार्टी (जेजेपी) को छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र गहलावत को 15 अक्टूबर को ग्राग्राम में पहली बार मनाया गया। भाजपा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओपीध्यक्ष धनखड के नेतृत्व में भाजपा शामिल हुई। गहलावत ने बीजेपी में शामिल जेजेपी को बड़ा झटका दिया है। गहलावत ने विभिन्न पदों की जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक पूर्व निर्धारित किया है। नरेंद्र गहलावत ने बताया कि सबसे पहले नक्षत्रे को जिला अध्यक्ष तीर्थराज राणा की राजधानी गुड़गांव में स्थित पार्टी के प्रांतीय कार्यालय में सम्मानित किया गया था। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड ने उन्हें पाटका वस्त्रकार पार्टी में शामिल किया। गहलावत जेजेपी पार्टी के हलका अध्यक्ष पद से हटने पर नाराज चल रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना विश्वास के हलका अध्यक्ष को हटा दिया गया। वे पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी अपनी विचारधारा जहीर की थी, लेकिन शीर्ष नेताओं ने अपनी विश्वसनीयता को किसी से नहीं लिया। जिससे प्रधानमंत्री गहलावत भी नाराज हो गए। जिसके चलते उन्होंने जेजेपी को बाए-बाए कर दिया और बीजेपी पार्टी का दामन थाम लिया।

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने भारत की प्रतिष्ठित और प्रशंसित स्वर्ण पदक विजेता गीता फोगट के साथ 'पावर अप विद लीजेंड्स' सेलिब्रेट किया

**रोहतक** : ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में शिखर धवन की दा वन स्पोर्ट्स अकादमी के सहयोग से 13 से 15 अक्टूबर, 2023 तक तीन दिवसीय खेल शिविर का



सफलतापूर्वक समापन हुआ। भारत की पहली स्वर्ण पदक विजेता पहलवान गीता फोगाट द्वारा किया गया मास्टरक्लास का नेतृत्व इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य आकर्षण था। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक शाखा में आयोजित इस खेल प्रशिक्षण शिविर में दा वन के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के नेतृत्व में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स और तैराकी से सम्बंधित इंटेंसिव कोचिंग सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को बेहतरीन मार्गदर्शन मिला। इसके शेड्यूल में स्कूल का समय और स्कूल के बाद का समय दोनों को समायोजित किया गया, जिसके कारण छात्रों को सीखने में सुविधा हुई। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका देने के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए, मुख्य अतिथि गीता फोगट ने कहा, "ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की 'पावर अप विद लीजेंड्स' पहल का हिस्सा बनना वास्तव में सम्मान की बात थी। युवा एथलीटों को प्रेरित करना और उनके साथ अपने अनुभव साझा करना एक ऐसी बात है जिसके बारे में मैं बेहद पैशनेट हूँ।

# भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता सरकार की किसान हितैषी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद(दलबीर मलिक)** भाजपा किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र की पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाऊस शाहाबाद में जिला कोर कमेटी की मीटिंग जिला अध्यक्ष जगदीप सांगवान की अध्यक्षता में हुई।किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र में 50 किसान बूथों पर पार्टी के होने वाले सभी कार्यक्रमों के लिए बूथों के 50 प्रमुख तय किया। बैठक में मुख्याथिति प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह संधू ने बताया कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों को हर किसान तक लेकर जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रमुख सुनील वत्स,जिला सह प्रभारी राजकुमार भार्गव, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख करनराज तूर, प्रदेश उपाध्यक्ष मंदीप विर्क,जिला मीडिया प्रमुख सूर्य प्रकाश सैनी, जिला उपाध्यक्ष डिंपल सैनी,जिला सचिव मांगेराम शर्मा,थानेसर मंडल के अध्यक्ष श्री मेहर सिंह चिनार्थल मौजूद रहे।

# 'शक्ति के रूप में ईश्वर की नारी रूप की परिकल्पना सनातन हिन्दू संस्कृति की विशेषता रही है'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**भारत में शक्ति का महत्व आदिकाल से ही माना गया है। चाहे धर्म हो, अर्थ हो, काम हो और चाहे मोक्ष हो, इन चारों पुरुषार्थो की प्राप्त शक्ति के बिना संभव नहीं। शक्तिहीन पुरुष या राष्ट्र न अपनी न अपने सम्मान की रक्षा कर सकता है और न कोई उन्नति कर सकता है। कमजोरी के क्षणों में ही मनुष्य संयम खोता है, पाप करता है और असफल होकर संताप करता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने शारदीय नवरात्रि के शुभारम्भ पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के तत्वावधान में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से किया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा शक्ति के रूप में ईश्वर की नारी रूप



की परिकल्पना सनातन हिन्दू संस्कृति की विशेषता रही है। भारतीय वैदिक चिंतन के अनुसार मां आदिशक्ति के बिना समस्त देव - शक्तियां अपूर्ण हैं। शक्ति यानी भय-मुक्ति। नवरात्र में शक्ति की आराधना की जाती है।साधक प्रतिपदा से नवमी तक मां शक्ति के नौ रूपों क्रमशः शैलपुत्री , ब्रह्मचारिणी , चंद्रघंटा , कूष्मांडा , स्कंदमाता , कात्यायनी , कालरात्रि , महागौरी एवं सिद्धिदात्री की पूजा - आराधना करते हैं। भगवती के इन नौ रूपों के नौ दिनों में पूजन के कारण ही इस अवधि को नवरात्र काल कहा जाता है। प्रत्येक मानव में बहुत ही सामान्य एवं विशेष शक्तियां होती हैं - जैसे बोलने की शक्ति , देखने की शक्ति , सुनने की शक्ति , चलने की शक्ति , भोजन पचाने की शक्ति आदि।

# एशियाड खेलों में पदक विजेता अनीश और अभिषेक को सिर आंखों पर बिठाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**

एशियाई खेलों में हॉकी में स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक नैन और शूटिंग में ब्रॉन्ज पदक विजेता अनीश भानवाला का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह गोहाना के गांव कासांडा कासांडी गैलरी में आयोजित किया गया। महोत्सव के समापन समारोह में अनीश के चाचा एवं गोहाना बार एसोशिएशन के प्रधान बीयर सिंह आर्य ने भाग लिया। उनके दादा जयसिंह का साथ चल रहा था। समारोह में क्षेत्र के संकडों उभरते खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित किया गया। बाबा भले गिरी, बाबा बालक नाथ और बाबा चमन नाथ क्षेत्र के लोगों को अपने तपोबल का आशीर्वाद देने के लिए अपने साथ-साथ जाएं। अधिवक्ता वैध सिंह ने बताया कि अनीश भानवाला ने चीन में आयोजित एशियाई खेलों में ब्रॉन्ज मेडल और अभिषेक नैन ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता है।

# माता ज्वाला की अखंड ज्योत पालकी को श्रद्धालुओं के साथ जयभगवान आंतिल हुए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** माता ज्वाला जी की अखंड ज्योत पालकी में लेकर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले से रविवार को दिपालपुर गांव के श्रद्धालुओं ने अपनी पदयात्रा शुरू कर दी है। मुख्य रूप से आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल मौजूद रहे। प्रथम नवरात्र से पालकी में रखी अखंड ज्योत एक सप्ताह बाद दिपालपुर गांव स्थित माता के प्राचीन मंदिर में पहुंचेगी। माता की अखंड ज्योत गांव में पहुंचने पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन होगा। पालकी में अखंड ज्योत रवाना करते हुए माता ज्वाला जी की महिमा का गुणगान कर रहे आंतिल बाराहा खाप के प्रधान



जयभगवान आंतिल ने कहा कि माता ज्वाला की महिमा अपरम्पार है। माता के दर्शन करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती हैं। माता ज्वाला जी में श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा है, यही कारण है कि वे चौथी बार पैदल अखंड ह्योत लेकर आ रहे हैं। आंतिल ने कहा कि माता ज्वाला जी के दर्शन करने से मन को शांति मिलती है। इस अवसर पर दिपालपुर गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु माता ज्वाला जी की अंखड़ ह्योत को पालकी में

**मनोकामना**

> 8 माता ज्वाला की महिमा अपरम्पार है। माता के दर्शन करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती हैं

रखकर रवाना हुए हैं। अखंड ज्योत ला रहे श्रद्धालुओं में दयानंद, बेगराज, विनोद, निखिल, ओमकार, कृष्ण, सोनू, मनोज, विजय, अमित कौशिक, आशु, अक्षय, जयबीर, काला, मामन, मन्नत, नवीन, दीपक, लूसो आदि शामिल हैं।

# शिव का धनुष तोड भगवान राम ने किया सीता संग किया विवाह



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** रावण-बाणासुर व लक्ष्मण-परशुराम की संवाद अदायगी रही आकर्षण का केन्द्र श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा द्वारा आयोजित 73वीं रामलीला मंचन के तीसरे दिन शनिवार रात्रि फुलवारी, शिव धनुष व राम विवाह की लीला का मनमोहक मंचन मंझे हुए कलाकारों द्वारा किया गया। शनिवार को रामलीला मंचन में सामाजिक प्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने बतौर मुख्यअतिथि मंच का रिबन काट रामलीला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष सिंघल नोएडा ने की, वहीं रोहताश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रघुबीर सैनी, अनिल संघी, रोटेरियन विनय मित्तल, भारत सैनी, बजरंग शास्त्री, मनीष शास्त्री, महेन्द्र नूनीवाला, विनोद सोनी, हितेन्द्र बोहरा, संजय सर्राफ विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने कार्यकारिणी के साथ सभी अतिथिगणों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया। रामलीला प्रधान नरेन्द्र जैन ने बताया कि शनिवार को शुभम वर्मा ने भगवान राम, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, विकास चौहान ने सीता, मुकेश गोयल ने राजा जनक, बलवंत सैनी ने परशुराम, विशाल हरित ने रावण, तरूण सोनी ने बाणासुर, नरेश बादल ने पेटल सिंह तथा सत्यनारायण वर्मा ने विश्वामित्र के किरदार में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों की खूब वाह वाही

# नि:शुल्क नेत्र जांच कैम्प का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** गाँव दहिसरा में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले) ने नि:शुल्क नेत्र जाँच कैम्प का आयोजन किया। जिसने 368 लोगों ने जाँच करवायी। फ्री दवाई दी गई, फ्री चश्मे दिये गए और 46 की फ्री आँखें बनी जाएगी। कार्यक्रम में रितु, करतार चौहान, मास्टर सरदार सिंह, बिसेंबर ,भीम सिंह ,सतपाल ,भीरेमसिंह ,मांगे राम ,धनसिंह , धर्मबीर, हरपाल , किरपाल, भगवत,नकलसिंह , रामधन, राजे, खुसीराम, डालचंद,आकाश, रामदास, अजीत सिंह, वेद जी आदि शामिल रहे।

# फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसो. की बैठक आयोजित

## बैठक में पूरे हरियाणा से पदाधिकारी और सदस्य हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन (एफपीएसडब्लूए) की प्रदेश स्तरीय बैठक फेडरेशन के कैंट ऑफिस में हुई। इसमें निजी स्कूलों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहनता से चर्चा हुई और समस्याओं के निदान के लिए रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण



शर्मा ने बताया कि बैठक में फेडरेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों के संग प्रमुख तौर पर निजी स्कूलों की समस्याओं पर चर्चा हुई। फेडरेशन निजी स्कूलों की समस्याओं को खत्म करने के लिए संघर्षरत है। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इन प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा

- निजी स्कूलों के मान्यता को लेकर दो साल के एक्सटेंशन का मामला
- स्कूली बसों के दो साल के विस्तार
- सोसायटी पंजीकरण पर लगने वाला जुर्माना
- प्री-प्राइमरी स्कूलों की मान्यता का मुद्दा

**चर्चा**

> 8 फेडरेशन के कैंट ऑफिस में हुई। इसमें निजी स्कूलों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहनता से चर्चा हुई

# विधायक ने श्रमिक की बेटी को सरकारी कोटे से भेंट की इलेक्ट्रिक स्कूटी

**पहल**

> 8 विश्वकर्मा दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रमिक भाईयों-बहनों के लिए अनेक घोषणाएं की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, 15 अक्टूबर**

राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम पर पहुंचकर स्नातक स्तर में शिक्षा प्राप्त करने वाली श्रमिक की बेटी को सरकारी कोटे से इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट करते हुए उसे जीवन में आगे बढने के लिए शुभकामनाएं दी।



उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रमिक भाईयों-बहनों के लिए अनेक घोषणाएं की, जिनमें एक यह घोषणा श्रमिकों की बेटियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण थी कि सरकार द्वारा स्नातक स्तर में शिक्ष प्राप्त करने वाली श्रमिक की बेटी को इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विधायक बड़ौली ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आसान किश्तों पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके साथ ही हर 20 किलोमीटर पर बेटियों के पढने के लिए सरकारी कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं ताकि बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहीं दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि बेटियों को कॉलेज तक जाने के लिए अच्छी यातायात की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है ताकि हमारी बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी न आए। विधायक ने कहा कि एक बेटी दो परिवारों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान निभाती है, इसलिए हमारी बेटी का शिक्षित होना बहुत ही जरूरी है क्योंकि अगर हमारी बेटी शिक्षित होगी तो वह एक शिक्षित समाज की रचना करेगी जो हमारे देश को आगे बढने के लिए बहुत ही

# मेयर ने अशोका नर्सरी में किया पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**मेयर** रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को वॉर्ड नंबर 2 की अशोका नर्सरी में पार्क के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ किया। पार्क की बाउंड्रीवाल, दो गेट, वाल ग्रिल व पार्क के अंदर ट्रैक बनाने का कार्य किया जाएगा। मेयर ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम की ओर से सभी वार्डों में जनहित में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा का अभूतपूर्व विकास हुआ है। सीएम की सोच है कि हर वर्ग खुशहाल हो। करनाल में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल) के लिए एक ऐतिहासिक जीत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

एक ऐसी महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई में जिसने म्यूजिक इंडस्टी को सदमे में डाल दिया था, कॉपीराइट हितों की रक्षा करने वाली एक लीडिंग कॉलेक्टिव आगेनाईजेशन फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल) ने चंडीगढ़ स्थित इवेंट मैनेजमेंट कंपनी रेडसन एंटरटेनर्स के खिलाफ एक अहम मामले में जीत हासिल की है, जिसका प्रतिनिधित्व स्वर्ण कुमार सिंगला कर रहे थे। यह विवाद पीपीएल के कॉपीराइट साउंड रिकॉर्डिंग के उपयोग के लिए लाइसेंस जारी करने के अधिकार पर केंद्रित था। जबकि पीपीएल साउंड रिकॉर्डिंग के व्यापक भंडार का दावा करता है, रेडसन एंटरटेनर्स जैसी कई इकाइयां कथित तौर पर उचित ऑथराइजेशन के बिना पीपीएल के कंटेंट का उपयोग कर रही हैं। इन इकाइयों ने अपने कार्यों के औचित्य के रूप में कॉपीराइट सोसायटी के रूप में पीपीएल की अनरजिस्टर्ड स्टेटस का हवाला दिया है। रेडसन एंटरटेनर्स, लोकल इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री है जिसे म्यूजिक को अपनी कॉमर्शियल एक्टिविटी के मुख्य घटक के रूप में शामिल करने के लिए जाना जाता है, जो कि अपनी शिकायतों को चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में ले गई। एक चौंकाने वाली स्वीकारोक्ति में, रेडसन एंटरटेनर्स ने अपने इवेंट्स और प्रोग्राम्स के दौरान पीपीएल की साउंड रिकॉर्डिंग का उपयोग करने की बात स्वीकार की, लेकिन पीपीएल के स्वामित्व वाली कॉपीराइट साउंड रिकॉर्डिंग के उपयोग के लिए शुल्क वसूलने से पीपीएल के खिलाफ इन्जंक्शन की मांग की, यह तर्क देते हुए कि कॉपीराइट सोसायटी के रूप में रजिस्ट्रेशन की कमी के कारण इसे लाइसेंस जारी करने से रोका जाना चाहिए।

# संपादकीय

## त्रिशंकु बनकर लटक रहे हम

**वर्तमान** में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सात्विक सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन सात्विक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है।

# भूख सूचकांकः भारत की स्थिति पड़ोसियों से भी खराब बताना हास्यप्रद

किशन भावनानी

> "ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीय एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया। साथियों बात अगर हम हर देश का जीएचआई स्कोर को गहराई से जानने की करें तो 3 डायमेंशन के 4 पैमानों पर कैलकुलेट किया जाता है। ये तीन डायमेंशन हैं- अंडररिशमेंट, चाइल्ड मोर्टालिटी, चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन। चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन में दो कैटेगरी हैं- चाइल्ड वेस्टिंग और चाइल्ड स्टंटिंग।(1)अंडरनरिशमेंट: अंडरनरिशमेंट यानी एक स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर के लिए जरूरी कैलोरी नहीं मिलना"

**वैश्विक** स्तरपर एक और जहां चंद्रयान-3 सूर्ययन दिल्ली घोषणा पत्र, पी-20 घोषणा पत्र, एशियन गेम्स में 107 मेडल, आज 14 अक्टूबर 2023 को पड़ोसी मुल्क से क्रिकेट में रिकॉर्ड जीत, विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था, विश्व बैंक की सुदृढ अर्थव्यवस्था, महंगाई दर कंट्रोल का वक्तव्य सहित अनेकों ऐसे ताजा उदाहरण हैं, जिसमें भारत की गौरव गाथा को बयान किया गया है, तो दूसरी ओर दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को वैश्विक भूख सूचकांक 2023 की रिपोर्ट जारी की गई है जिसमें भारत की हालत पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका और नेपाल से भी बदत्तर बताई गई है। यानें 125 देश के हंगर इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 111 है जो पिछले साल से भी चार पायदान नीचे खिसक गई है। दूसरे शब्दों में श्रीलंका पाकिस्तान बांग्लादेश नेपाल की स्थिति भारत से बेहतर बताई गई है जो सुनने में हास्यप्रद लगता है, जिसपर भारत ने इस हंगर रिपोर्ट 2023 को खारिज कर दिया है और भुखमरी मापन के तौर तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। वैसे भी देखा जाए तो हम टीवी चैनलों पर आए दिन देखते रहते हैं कि पड़ोसी मुल्कों में भूख के हालात कैसे हैं, जो डिलीवरी ट्रक पर से भी बोरियों को मारामारी कर उठाया जाता है, बेतहाशा महंगाई, वैसे ही श्रीलंका की कुछ माह पूर्व की हालत पूरे विश्व ने देखी थी। फि र भी भारत को सूचकांक में इनसे भी बहुत कम रैंकिंग पर रखा गया है जो अपने आप में बहुत हास्यास्पद लगना स्वाभाविक है। जबकि अभी कुछ महापूर्व संयुक्त राष्ट्र ने अपने ऑथराइज्ड बयान में कहा था कि भारत में पिछले 15 वर्षों में 37.5 करोड लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं और भारतीय नीति आयोग ने कुछ महीने पूर्व कहा था भारत पिछले 5 वर्षों में 13 .5 करोड लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं। चूंकि 125 देश में भारत को 111 वां स्थान मिला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेवैश्विक सूचकांक में भारत की छवि खराब करने के संभावित प्रयासों को रेखांकित करना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम एक यूरोपीय एनजीओ द्वारा 12 अक्टूबर 2023 को जारी की गई वैश्विक भूख सूचकांक 2023 की करें तो, उसमें भारत की



स्थिति और भी खराब हो गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 125 देशों में भारत को 111वां स्थान दिया है। इसमें यह भी बताया गया है कि देश में बच्चों में कुपोषण की दर सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत है। 28.7 स्कोर के साथ ग्लोबल हंगर इंडेक्स के प्रकाशकों नेभारत में भूख की स्थिति को गंभीर बताया है। हालांकि, भारत ने वैश्विक भूख सूचकांक 2023 को खारिज किया है। भारत ने इस रिपोर्ट को लेकर कहा है कि यह देश की छवि खराब करने का प्रयासहै।बता दें कि ताजा सूचकांक गुरुवार को जारी किया गया। इससे पहले, साल 2022 में भारत 121 देशों में से 107वें स्थान पर था।अगर पड़ोसी देशों की बात करें तो पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल की स्थिति हमसे बेहतर है। भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान को 102 वां स्थान, बांग्लादेश को 81वां, नेपाल को 69वां और श्रीलंका को 60वां स्थान दिया गया है। इन देशों ने वैश्विर भूख के मामले में भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बच्चों कीकमजोरी की दर 18.7 प्रतिशत दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह तीव्र कुपोषण को दशार्ती है। वहीं, भारत में अल्पपोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस सूचकांक को खारिज कर दिया है। सरकार ने इसे भुखमरी का एक गलत पैमाना बताया है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि यह भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। इसमें बहुत सारी खामियां हैं। इस सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन संकेतक दरअसल बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं, अतः ये निश्चित रूप से पूरी आबादी के स्वास्थ्य को नहीं बता सकते हैं साथियों बात अगर हम वैश्विक हंगर सूचकांक के बारे में जानने की करें तो,सन 2000 से लगभग हरसालजीएचआई जारी होता है। इस रिपोर्ट में जितना कम स्कोर होता है उस देश का प्रदर्शन उतना बेहतर माना जाता है। कोई देश भूख से जुड़े सतत विकास लक्ष्यों को कितना हासिल कर पा रहा है। इसकी निगरानी करने का साधन वैश्विक भूख सूचकांक है।जिसका इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के लिए किया जाता है। यह किसी देश में भूख के तीन आयामों को देखता है। पहला देश में भोजन की अपर्याप्त उपलब्धता, दूसरा बच्चों की पोषण स्थिति में कमी और तीसरा बाल मृत्यु दर(जो अल्पपोषण के कारण है)। ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीयन एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया। साथियों बात अगर हम हर देश का जीएचआई स्कोर को गहराई से जानने की करें तो 3 डायमेंशन के 4 पैमानों पर कैलकुलेट किया जाता है। ये तीन डायमेंशन हैं- अंडररिशमेंट, चाइल्ड मोर्टालिटी, चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन। चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन में दो कैटेगरी हैं- चाइल्ड वेस्टिंग और चाइल्ड स्टंटिंग।(1)अंडरनरिशमेंटः अंडरनरिशमेंट यानी एक स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर के लिए जरूरी कैलोरी नहीं मिलना। आबादी के कुल हिस्से में से उस हिस्से को कैलकुलेट किया जाता है जिन्हें दिनभर की जरूरत के मुताबिक पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल रही है।(2)चाइल्ड मोर्टालिटीः चाइल्ड मोर्टालिटी का मतलब हर एक हजार जन्म पर ऐसे बच्चों की संख्या जिनकी मौत जन्म के 5 साल की उम्र के भीतर ही हो गई।(3) चाइल्डअंडरन्यूट्रिशनः इसमें 2 कैटेगरी आती हैं-चाइल्ड वेस्टिंगः चाइल्ड वेस्टिंग यानी बच्चे का अपनी उम्र के हिसाब से बहुत दुबला या कमजोर होना। 5 साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे, जिनका वजन उनके कद के हिसाब से कम होता है। ये दशार्ता है कि उन बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिला इस वजह से वे कमजोर हो गए।चाइल्ड स्टंटिंगः चाइल्ड स्टंटिंग का मतलब ऐसे बच्चे जिनका कद उनकी उम्र के लिहाज से कम हो। यानी उम्र के हिसाब से बच्चे की हाइट न बढ़ी हो। हाइट का सीधा-सीधा संबंध पोषण से है। जिस समाज में लंबे समय तक बच्चों में पोषण कम होता है वहां बच्चों में स्टंटिंग की परेशानी होती है।इन तीनों आयामों को 100 पॉइंट का स्टैंडर्ड स्कोर दिया जाता है। इस स्कोर में अंडरनरिशमेंट, चाइल्ड मोर्टलिटी और चाइल्ड अंडरन्यूट्रिशन तीनों का एक-एक तिहाई हिस्सा होता है। स्कोर स्केल पर 0 सबसे अच्छा स्कोर होता है, वहीं 100 सबसे बुरा। साथियों बात अगर हम रेटिंग तय होने के बारे में जानने की करें तो, ग्लोबल हंगर इंडेक्स तीन स्तरों पर प्रसारित किया जाता हैः वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय. रेटिंग की गणना के लिए कुल 100 अंक आवंटित किए जाते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप स्कोर 0 और 100 के बीच होता है. 2023 की रिपोर्ट में 125 देशों का डेटा शामिल है। कम स्कोर अधिक अनुकूल स्थिति का संकेत देता है, जबकि उच्च स्कोर कम अनुकूल स्थिति का संकेत देता है। 2023 की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 28.7 है। उल्लेखनीय है कि भारत इस सूचकांक में कई वर्षों से लगातार पिछड़ रहा है।

# कविता

हर नजर हर निगाह में
नमी है,
स्नेह की बेहद अपनों में कमी है।

हर नजर किसी पर जमी है,
कुछ हंसतीं है कुछ में नमी है।

नजरों में खिल खिलाहट भरी है,
कहीं बेरुखी से सूखी जमीं है।

मजलूमों की नजरों में नमीं है,
किसी की अदावत से सनी हैं

ये प्रकृति है या आप ही ऐसे है,
नैतिक मूल्यों की बेहद कमी है।

बस थोड़ा सा झुक कर देखो
हर तरफ अपनों की हीं जमीं है.

अपना कौन,पराया कौन, समझाईये,
बस एक दूसरे को समझने की कमी है।

अदना सा संजीव, कहाँ अम्बर,कहाँ जमीं,
छलकती है ऑखें,जहाँ अपनों कि कमी है।

संजीव ठाकुर

## मोटापा : पहले और बाद में

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं गंडीपेट** (हैदराबाद का सबसे बड़ा जलाशय) का अवतार नहीं हूँ। फिर भी बहुत मोटा हूँ। माँ का प्यार कहिए या उनके घी का कमाल कि बचपन में मच्छर सा दिखने वाला मैं अब बाहुबली फिल्म का सांड लग रहा हूँ। मुझे बचपन से इतना घी खिलाया गया कि मुझे पानी पीते समय भी उसमें घी दिखाई देने लगा। मेरे लिए सावन का हरा वाला मुहावरा घी की चमक से चौंधियाई आँखों को हर चमकती चीज घी दिखाई देने लगी। कभी-कभी तो मुझे लगता है कि मेरे बदन में खून नहीं घी की नदियाँ बह रही हैं। बचपन में मुझे घरवाले छोटू कहकर पुकारते थे। अब इतना भोदू हो गया हूँ कि वह विशेषण मेरे बदन के सभी अंगों को चिढ़ाते हैं। घरवालों को केंचुआ सा दिखाई देने वाला मैं कब लोगों की नजर में भारी-भरकम अजगर बन गया पता ही नहीं चला। वैसे भी पौधा खाद-पानी पाकर हमेशा के लिए पौघा थोड़े न रहता है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो भारी-भरकर वृक्ष बन ही जाता है। छठी कक्षा पढ़ते समय मुझे बेंच पर खड़ा होने का दंड दिया गया था। शिक्षिका मेरे शोर से इतनी परेशान थी कि उन्होंने मेरी तुलना लोटे से कर दी। तब से मेरा नाम लोटा पड़ गया। जब मैं बड़ा हुआ तो हम सभी स्कूली दोस्तों ने एक वाट्सप समूह बनाया। सबने हाय हैलो करना शुरू किया। मैंने अपना नाम सुरेश बताया। सभी ने प्रश्नचिह्न जैसा मुँह वाला इमोजी लगाया। मैंने अपना फोटो भी पोस्ट किया। लेकिन किसी ने मुझे पहचाना नहीं। जैसे ही मैंने अपना नाम लोटा बताया सबके सब टूट पड़े। ऐसे टूटे जैसे बिस्कुट का टुकड़ा देखते ही कुत्तों का झुंड टूट पड़ता है। एक अपराधी अपने अपराधों की सजा काटकर नए जीवन की शुरूआत करना चाहता है तो उसे उसके पुराने कारनामों के नाम पर लज्जित करने जैसी हालत मेरी थी। मैंने पुराने नाम से पिंड छुड़ाने के लिए बाकायदा पेपर में विज्ञापन भी दिया। चिढ़ाने वालों को अपना चुल शांत करने से मतलब होता है। दीपावली पर कपड़े खरीदने के लिए एक बड़े शॉपिंग मॉल में गया। वहाँ जाकर देखा कि स्माल, मीडियम, लार्ज कुछ कपड़ों में, जो मेरी पसंद के नहीं थे, उनमें एक्स्ट्रा लार्ज की साइजें भी उपलब्ध थीं। मेरा आकार इनमें फिट होने वाला नहीं था। मुझे एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा लार्ज की जरूरत थी। साफगोई से कहना हो तो ट्रिपल एक्सेल मेरा मुँह मांगा इनाम है। मेरा आकार देखकर वहाँ काम करने वाला एक बंदा आगे आया। सोचा शायद मेरी साइज के कपड़े ला रहा है। लेकिन उसने मुझे नंगा किए बिना नंगा कर दिया। उसने कहा कि आपकी साइज के कपड़े यहाँ तो क्या किसी भी शो रूम में नहीं मिलेंगे। आपकी साइज के कपड़े तो दर्जी ही सी सकता है। मैं अपमान का घूँट पीकर रह गया। शोरूम से बाहर निकला ही था कि एक सेल्समैन गले पड़ गया। वह गारंटी के साथ दुबला होने का दावा करते हुए हर्बल प्रॉडक्ट बेचने के प्रयास में मेरे मोटापे पर न दिखाई देने वाली सुइयाँ चुभोने लगा। इससे पहले की मैं उसे लताड़ता वह अपने रास्ते हो लिया।

# विचार

## विपरीत परिस्थितियों पर धैर्य से जीत हासिल की जा

**आर. के.फीचर्स**

**रचनाकार** अपने परिवेश और संस्कार के साथ अर्जित अनुभवों से सृजन सन्दर्भों को विकसित ही नहीं करता वरन् उसे संरक्षित भी करता है। यह भाव और स्वभाव ही एक रचनाकार के सामाजिक सरोकारों को परिलक्षित करता है। इन्हीं सन्दर्भों को अपने भीतर जागृत करते हुए अपने रचनाकर्म में सतत रूप से सक्रिय हैं हरियाणा के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और शैक्षिक नगरी और भिवानी-हिसार की धरा बड़वा गाँव के निवासी कवि, लेखक, स्वतंत्र पत्रकार और शिक्षाविद डॉ. सत्यवान सौरभ। स्कूली दिनों से ही इनके कला, संस्कृति और साहित्यिक विचारों, व्यवहार, कार्यशैली और लेखन के साथ कुशल आयोजन और प्रबंधन को देखनेझसमझने का अवसर मिला है। सामाजिक समरसता और समन्वय को समर्पित सौरभ अपने समभाव और दृष्टिकोण से अपने सृजन कर्म और व्यवहार के प्रति सजग और चेतन होकर निरन्तर सृजन यात्रा कर रहें हैं। सरकारी सेवा काल में सभी वर्ग के सहकर्मियों को साथ लेकर चलने एवं तनाव मुक्त वातावरण की कार्य शैली विकसित की और सतत रूप से इसे अपने व्यवहार में संरक्षित और पल्लवित रखा। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति इनके कार्य-व्यवहार से प्रभावित रहा और आगे बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। अपने कार्य-व्यवहार से इन्होंने सभी वर्ग के व्यक्तियों की हर संभव मदद की, उनकी समस्या और पीड़ा में भागीदार बने और छोटे-बड़े सभी से पूरा आदर एवं स्नेह भाव रखते हुए अपने सहज स्वभावानुरूप अपने कार्य को समर्पित रहे। आपने जीवन में कर्म की प्रधानता को प्रमुख मानते हुए हमेशा कर्म को ही सच्ची पूजा माना। ह्लमन चंगा तो कठौती में गंगाह्व और ह्व पूत कपूत तो क्यों धन संचय, पूत सपूत तो क्यों धन संचयह्व के वाक्यों को हमें जीवन का ध्येय माना। आप निरन्तर सृजनरत तो हैं ही, समाज के सभी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली और विशेषज्ञ व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों इत्यादि पर लिखते समय उन्हें प्रोत्साहन देने और प्रेरित करने का भाव सदैव मन में रखते हैं। सदैव जिंदा दिल रहने की मुख्य वजह लेखन से प्राप्त ऊर्जा को मानने वाले डॉ. सौरभ निःस्वार्थ भाव से लेखन को ही अपनी पूजा, धर्म और कर्म मानते हैं। स्कूली दिनों से ही लेखन के क्षेत्र में विभिन्न विषयों कला- संस्कृति, पुरातत्व, इतिहास, पर्यटन, सभी क्षेत्रों के विकास, , बाल विवाह , दहेज जैसी सामाजिक कुरुतियों के उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वच्छता, रक्तदान ,दिव्यांग कल्याण जैसे सामाजिक सरोकार और मातृभाषा हिंदी के विकास, लोकोत्सव, लोकतीर्थ, लोककलाएं, लोक देवी-देवता, लोकनृत्य, लोकगीत, लोक-चित्रांकन, आंचलिक मेले आदि विभिन्न विषयों पर हजारों आलेख, फीचर, रिपोर्ताज, सफलता की कहानियाँ, साक्षात्कार, बाल आलेख और बाल कहानियां, सरल एवं सुग्राहय भाषा शैली में निर्बाध दोहा लेखन कार्य करने वाले लेखकों तथा रचनाधर्मियों में देश भर के साहित्य एवं मीडिया जगत में एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। लेखन में भी संपादकीय लेखक के रूप में आपने विशिष्ठ पहचान कायम की है। सभी विधाओं पर आपका लेखन हरियाणा तक ही सीमित नहीं रह कर देश के संदर्भ में भी व्यापक स्वरूप लिए हैं। आपके आलेख और पुस्तकें तथ्यात्मक, सूचनात्मक और शोध परक होने से शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुए हैं। इनकी रचनाएं बड़ी संख्या में हजारों सरकारी एवं गैर सरकारी पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित हो रही हैं। इसी दौर के समाचार पत्रों में ने निरंतर आपकी रचनाओं को प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया है। इस दौर में विभिन्न विषयों पर इनकी रचनाएं बहुतायत से प्रकाशित हुई हैं। यूएसए से प्रकाशित हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी साप्ताहिक ह्व हम हिदुस्तानीह्व में भी लंबे समय तक इनकी रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। देश के कई समाचार पत्रों में इनकी रचनाएं निरंतर प्रकाशित हो रही हैं। यही नहीं विभागीय और अन्य विभागों और संस्थाओं के पत्र-पत्रिकाओं का लेखन, संपादन और प्रकाशन भी करवाया और निजी स्तर पर पुस्तकें भी लिख कर प्रकाशित करवाई हैं । इसी समर्पण और लगन का परिणाम रहा कि आप देश भर में विख्यात लेखक के रूप में स्थापित हो गए।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## गजाः युद्ध एक पहलू अनेक

**तनवीर जाफरी**

**फिलिस्तीन** के कई क्षेत्रों में इस्लामिक आंदोलन के रूप में सक्रिय संगठन हमास ने जब से इजराईल पर एक साथ लगभग 7 हजार मिसाइलों की अकल्पनीय वर्षा की है उसके फौरन बाद से ही इस्त्राईल ने भी युद्ध की घोषणा करते हुये गजा पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिये हैं। दोनों ही तरफ से मानवता का खून खुलकर बहाया जा रहा है। दोनों ही पक्षों के हजारों लोग अपनी जानें गँवा चुके हैं। अमेरिका सहित कई पश्चिमी देश हमास के हमले को आतंकवादी हमला बताते हुये इस्त्राईल के साथ खड़े हुये हैं। जबकि इस्लामी देश खासकर अरब जगत इस मुद्दे पर बंटा हुआ है। ले दे कर ईरान,सीरिया व लेबनान जैसे देश व वहां का नेतृत्व बिना इस बात की परवाह किये हुये फिलिस्तीनियों के साथ खड़ा है कि इस्त्राईल को महाशक्ति अमेरिकी समर्थन हासिल है। इस्त्राईल तो यह भी आरोप लगा रहा है कि हमास द्वारा इजराईल पर दागी गयी लगभग 7 हजार मिसाइल व इसके कारण इस्त्राईल में हुई जान व माल की भारी तबाही के पीछे ईरान का हाथ है। परन्तु ईरान ने इस हमले में अपनी संलिप्तता से तो इंकार जरूर किया है परन्तु उसने हमास और फिलीस्तीनियों के अधिकारों व उनके संघर्ष के प्रति अपना खुला समर्थन पूर्ववत जारी रखने का एलान भी किया है। हमास का मत है कि 'फिलिस्तीन एक इस्लामी मातृभूमि है जिसे किसी अन्य को नहीं सौंपा जा सकता और इजराइल से फिलिस्तीन का नियंत्रण छीनने के लिए पवित्र युद्ध छेड़ना फिलिस्तीनी मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य है'। वेस्ट बैंक में भी हमास की मौजूदगी है। फिलहाल खंडहर के रूप में परिवर्तित हो चुके गजा को इस्त्राईली सेना चारों तरफ से घेर कर सैन्य कार्रवाही कर रही है यहाँ तक कि उसने हवाई हमले भी किये हैं। इस्त्राईल ने तो फिलीस्तीनियों से गजा छोड़ कर चले जाने की भी चेतावनी दे डाली है। गौरतलब है की हमास का मुख्यालय भी गजा शहर में ही है जिसे पूरी तरह ध्वस्त करने का संकल्प इस्त्राईली नेता बेंजमिन नीतिनयाहु ले चुके हैं। इस पूरे दुर्भाग्यपूर्ण घटना चक्र में केवल मानवता विरोधी युद्ध ही नहीं हो रहा बल्कि पूरा विश्व इस युद्ध व इसके कारणों के विभिन्न पहलुओं को लेकर भी चिंतित है।

## पॉच राज्यों के चुनाव में जनपरीक्षा

**प्रेम शर्मा**

**जनता सरकार को लेकर तमाम तरह के अरोप** लगाती रही है। कभी महंगाई तो कभी बेरोजगारी, कभी भ्रष्टाचार, कभी विकास का रोना आम वोटर का हमेशा से रवैया रहा है। इसके बावजूद जब उसे पॉच सालों के बाद मौका मिलने पर अपने पंसद एवं जन आकांक्षाओं को समझने वाली सरकार को चुनने की जगह अमूनन वह क्षेत्रवाद, जातिवाद, परिवारवाद या फिर धर्मवाद के सबसे बड़े पाखण्ड के सामने दाव खाकर वही गल्ती कर बैठती है जिससे उसे फिर पॉच वर्ष तक सरकार को कोसने के अलावा कुछ हासिल नही हो पता। ऐसा नही है कि बेरोजगारी, महंगाई और कछुआ गति के विकास से केवल भाजपा शासित राज्य की जनता परेशान है बल्कि गैर भाजपा शासित राज्यों का भी यही हाल है। हालाकि 2024 के आम चुनाव से पहले बीजेपी और विपक्ष के लिए इन पांच राज्यों के चुनाव उनकी चुनावी रणनीतियों की परख तो होंगे ही, साथ ही जनता के मूड की झलक भी देखी जा सकेगी। जानकार यह भी मानते हैं कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव को एक ही तराजू में नहीं तोला जा सकता है। विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे अहम होते हैं, वहीं लोकसभा चुनाव में जनता राष्ट्रीय परिदृश्य को देखते हुए वोट देती है। यह तो तय है कि सेमीफाइनल में जो जीतेगा, वह पूरे आत्मविश्वास के साथ आम चुनाव में आएगा। इन चुनावों के नतीजों से पक्ष और विपक्ष की रणनीति पर बहुत असर पड़ेगा। वैसे देखा जाए तो इन पॉच राज्यों की कुल 676 सीटों में से सबसे ज्यादा 285 सीटें कांग्रेस के पास थीं। हालांकि, उसकी सीटों की संख्या में 20 सीटों की गिरावट आई है। बसपा की सीटें भी 10 से घटकर चार रह गईं। वहीं, भाजपा की सीटें 199 से बढ़कर 214 हो गईं। इसी तरह 2018 में 88 सीट जीतने वाली टीआरएस की सीटें बढ़कर 101 हो गईं तो एमएनएफ सीटें 26 से बढ़कर 28 हो गईं हैं।

इसके बावजूद देखा जाए तो इन राज्यों में चुनाव के प्रति जनता का कोई उत्साह नही दिख रहा है। ऐसे में अगर हम यह कहे कि इन राज्यों में जनता नही बल्कि राजनैतिक दल चुनाव लड़ रहे है तो कोई अतिश्योक्ति नही है।

## न्यूज फ्लैश

### शास्त्री नगर में युवाओं ने भाजपा में जताई आस्था



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से शास्त्री नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रतनगढ़ सरपंच प्रतिनिधी प्रवीण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था जताई। उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को काम चाहिएं और भाजपा राज में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति को क्रियान्वित करते हुए जमकर काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिना भेदभाव के जमकर विकास कार्य हो रहे हैं। जिला विस्तारक शशि दुरेजा ने कहा कि भाजपा आज जन-जन की लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है। लोगों का भाजपा पर पूरा विश्वास हैं। देश और प्रदेश का भला केवल भाजपा ही कर सकती है। राम नगर मंडल अध्यक्ष राजेश अग्गी ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास को देखकर विपक्ष पूरी तरह से बौखलाया हुआ है।


**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)


# करनाल पहुंची यशस्विनी बाइक रैली

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीनगर के लाल चौक से निकली सीआरपीएफ की महिला बाइक रैली यशस्विनी रविवार को करनाल के घरौंडा पहुंची। यहां सीआरपीएफ की 50 महिला कर्मियों का निजी स्कूल में स्वागत किया गया। वह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश लेकर अहमदाबाद तक जाएंगी। इस दौरान देशभक्ति और लोक संस्कृति से भरपूर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। साथ ही सीआरपीएफ महिला बैंड ने भी अपनी प्रस्तुति देकर समां बांधा।
सीआरपीएफ की ऑल वूमेन मोटरसाइकिल एक्सपेडिशन 2023 यशस्विनी बाइक रैली 3 अक्टूबर को श्रीनगर से निकली थी। यह रैली आगे सोनीपत, गुरुग्राम, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, गांधीनगर और बड़ौदा से होकर एकता नगर गुजरात पहुंचेगी। रैली 2134 किलोमीटर का सफर तय करेगी।
सीआरपीएफ की डीआइजी कोमल सिंह ने कहा कि यशस्विनी, सीआरपीएफ की वीरांगनाओं द्वारा महिला बाइक अभियान नारी शक्ति का प्रतीक है। आज वे धैर्य,



दृढ़ संकल्प और समर्पण से विभिन्न क्षेत्रों में मील के पत्थर हासिल कर रही हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बदलाव की हवा चल रही है, उसमें महिलाएं सभी बंधनों से मुक्त होकर समाज व जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिभा साबित कर रही है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए देश की आधी आबादी को उसका हक देकर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश का भाग्य बदलने की ताकत नारी शक्ति के पास ही है।
यशस्विनी बाइक अभियान में सीआरपीएफ की 50 महिला कर्मी शामिल हैं। ये 25 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर देश के 40 जिलों से गुजरते हुए 2134 किलोमीटर का सफर कर 31 अक्टूबर को अहमदाबाद के एकता नगर

**समा बांधा**

**8 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश लेकर अहमदाबाद तक जाएंगी**

में पहुंचेगी। एकता नगर में ही लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति (स्टैचू ऑफ यूनिटी) है। 31 अक्टूबर को उनकी जयंती है, जिसे एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
यशस्विनी बाइक अभियान में भाग ले रही डिप्टी कमांडेंट तारा यादव ने कहा कि मैं पहली बार किसी बाइक रैली में भाग ले रहीं हूं। आज मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं। सीआरपीएफ में शामिल होने के बाद हम लड़कियां हर वह काम करती हैं, जो हमने एक नागरिक के तौर पर पहले नहीं किया था। हमें खुद को साबित करने का मौका मिला। हमें एनफील्ड की सवारी करने का मौका मिला है। हम लडकों से कम नहीं हैं।

## राष्ट्रीय ध्वज का करें सम्मान: दिनेश बख्शी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** लक्ष्य जनहित सोसाइटी द्वारा आज शहर में राष्ट्रीय ध्वज को लेकर एक अभियान चलाया गया, जिसमे शहीद मदन लाल ढींगरा चौक से लेकर सरकारी अस्पताल तक कटे फटे राष्ट्रीय ध्वज उतारे गए। लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज लगाकर उन्हें उनके हाल पे छोड़ देना गलत है। जो राष्ट्रीय ध्वज मैले हो गए हैं, उन्हें उतारकर तुरंत नया बदलें, ये सभी का फर्ज है। आप ये न सोचें कि सरकार ने लगाए हैं तो वह ही उतरवाए। राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्र का है, न की किसी व्यक्ति विशेष का और इस ध्वज को पाने के लिए बहुत कुबार्नी देनी पड़ी है।
अमित सचदेवा ने कहा कि करनाल में ये मुहिम जारी रहेगी और जो भी ध्वज मैले हो गए हैं, उन्हे उतारा जाएगा। आज इस अभियान में पार्षद वीर विक्रम, राजेश शर्मा, सतीश पांचाल, सतिंदर गांधी, अमित सचदेवा, मुनिराज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आईएएस जयवीर आर्य को भेजा जेल भेजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** रिश्वत लेते पकड़े गए आइएएस अधिकारी जयवीर आर्य को रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं इस मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की गई है। आइएएस से रिश्वत के 3 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। रविवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने करनाल में अपने कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस की। यहां इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने केवल इतनी जानकारी दी कि इस मामले में अब तक 2 को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया है।
रिमांड के दौरान आइएएस जयदीप आर्य को एंटी करप्शन ब्यूरो लेकर भी पहुंची थी। वहां भी जयदीप आर्य के खिलाफ काफी सबूत टीम को मिले हैं, लेकिन टीम इसका भी खुलासा नहीं करना चाहती। पहले बात सामने आ रही थी कि रिश्वत के 2 लाख रुपए देहरादून के किसी होटल से बरामद करने थे, लेकिन टीम का कहना है कि आइएएस ने पहले 5 लाख रुपए की डिमांड की थी, लेकिन बाद में 3 लाख रुपए डील हो गई थी। उन 3 लाख रुपए मौके पर टीम द्वारा बरामद कर लिया गया था।

## पोर्टल स्लो होने के कारण करनाल में धान की खरीद ठप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिले की अनाज मंडियों में धान खरीद की व्यवस्था नहीं सुधर रही है। कहीं पीआर धान का सही दाम नहीं मिल रहा तो कहीं गेट पास के लिए बनाया गया पोर्टल स्लो चल रहा है। ऐसे में खरीद का कार्य लगभग ठप है।
शनिवार को उठान के चलते मंडी बंद थी। वहीं रविवार को सुबह से पोर्टल स्लो चलने के कारण गेट पास नहीं कट पा रहे हैं, जिसके चलते अनाज मंडी से लेकर नमस्ते चौक पर नेशनल हाईवे पर करीब 2 किलोमीटर तक ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लंबी लाइन लगी हुई है। किसान सुबह से अपनी धान की ट्रॉलियों के साथ लाइन में खड़े हैं। इससे किसानों को परेशानी का



सामना करना पड़ा। आढ़ती भी परेशान हैं कि वह गेट पास के लिए बार-बार चक्कर लगा रहे हैं। करनाल मंडी में धान लेकर पहुंचे किसान नरेन्द्र, संदीप, राममेहर, इन्द्र ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि करीब एक सप्ताह से किसानों को परेशान किया जा रहा है।
खरीददार फसल में नमी की मात्रा अधिक बताकर प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपए तक काट रहे हैं। वहीं आज सुबह से पोर्टल धीमा होने के कारण लाइन में लगे खड़े हैं।
मंडी प्रधान रजनीश चौधरी ने बताया कि शनिवार को उठान के चलते करनाल मंडी को बंद किया गया था। आज दोबारा खरीद शुरू होनी थी, लेकिन सुबह 6 बजे से अबतक पोर्टल नहीं चला है।
किसान सुबह से लाइनों में खड़े हैं। गेट पास के लिए किसान कभी अधिकारियों के पास तो कभी आढ़तियों के पास चक्कर काट रहे है। नेशनल हाईवे पर अनाज मंडी से नमस्ते चौक तक जाम है। वहीं दूसरी और गांव गोगड़ीपुर की फाटक से करीब 2 किलोमीटर अनाज मंडी तक ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लाइन लगी है। इससे आम जन को आने में जाने में काफी परेशानी हो रही है।

## रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य : कपिल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन ब्लड बैंक, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में किया गया। शिविर के लिए लगभग 65 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 55 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डॉक्टर विकास सैनी के नेतृत्व में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है। हर इंसान को नियमित रक्तदान अवश्य करना



चाहिए। इससे जहां हम जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहायता करते हैं, वहीं नियमित रक्तदाता को भी कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है।
उन्होंने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिये। सभी रक्त दाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## बीती रात बैलों को लेकर हुआ हंगामा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** ताऊ देवीलाल चौक के पास बजरंग दल व गोभक्तों ने बीती देर रात को नंदियों (बैलों) से भरी एक गाड़ी को पकड़ लिया। इसके बाद गो भक्तों व गाड़ी सवार व्यक्तियों के बीच जमकर हंगामा हुआ। मामले को बढ़ता देख गो भक्तों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। छोटा हाथी में सवार बैलों को कब्जे में लेकर पुलिस गाड़ी ड्राइवर व दो अन्य व्यक्ति को भी सदर थाने ले गई। पुलिस जांच करेगी कि यह नंदी घर में रखने के लिए ले जाए जा रहे थे या फिर तस्करी के लिए।

## विधायक धर्म सिंह छौक्कर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**समालखा विधान**सभा से कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छौक्कर के ठिकानों पर ईडी की रेड के बाद गायब चल रहे समालखा विधानसभा से कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छौक्कर कोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे मिलने के बाद आज लम्बे वक्त के बाद अपनी समालखा स्थित कोठी पर कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे... समालखा कोठी पर पहुंचने पर विधायक धर्म सिंह छौक्कर का कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे बजाकर जिंदाबाद के नारे लगाकर जोरदार स्वागत किया । इस दौरान सैंकड़ो की संख्या में पहुंचे धर्म सिंह छौक्कर के समर्थकों ने भावी डिप्टी सीएम जिंदाबाद के नारे भी लगाए... धर्म सिंह छौक्कर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की ईडी की रेड सरकार,प्रशासन कोर्ट व आप सब लोगों के सामने है... धर्म सिंह छौक्कर ने कहा कि उन्होंने इस पूरे प्रकरण को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उन्हें न्यायालय से न्याय भी मिला इससे ज्यादा वह इस बारे में कुछ नहीं कहेंगे क्योंकि पूरा मामला न्यायालय में विचाराधीन है...उन्होंने कहा की सच्चाई कभी छिप नहीं सकती और ना कभी झुक सकती...धर्मसिंह छौक्कर ने कहा कि कोई कंपनी उनके नाम नहीं है और ना किसी कम्पनी में वो शेयर होल्डर है और ना ही किसी एफआईआर में उनका नाम है उनपर जो आरोप लगे है उन्होंने उन आरोपों को हाई कोर्ट में चैलेंज किया है और उन्हें न्यायालय से न्याय मिला है.
..उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई जमानत नहीं ली है बल्कि हाई कोर्ट में चैलेंज किया है...धर्म सिंह छौक्कर ने कहा कि न्यायालय में किसी का कुछ नहीं चलता है न्यायलय में सच्चाई की जीत होती है और हमारी भी सच्चाई की जीत हुई है।

## 'धान के निर्यात पर लगी रोक हटाकर एक्सपोर्ट ड्यूटी को खत्म करे सरकार'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने धान की सुचारू खरीद के लिए सरकार से मांग की है कि सेलरों के कोटे में उचित बढ़ोतरी की जानी चाहिए, क्योंकि कोटा कम होने की वजह से मंडी में धान खरीदने वालों की संख्या बेहद कम है। इसके चलते न सुचारू तौर पर खरीद हो पा रही है और न ही किसानों को उचित रेट मिल रहा है। किसानों को प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपये का घाटा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की समस्या के समाधान के लिए रिलीज ऑर्डर जारी करने चाहिए, ताकि खरीददार अपने आसपास की मंडियों में जाकर



भी खरीद कर सकें। प्राइवेट एजेंसियों को यह छूट मिलने से खरीददार बढ़ंगे और किसानों को ज्यादा रेट मिलने की संभावना बढ़ेगी। सुमिता सिंह ने धान के निर्यात से रोक हटाने की मांग को भी

**मांग**

**8 सरकार को किसानों की समस्या के समाधान के लिए रिलीज ऑर्डर जारी करने चाहिए**

दोहराया। साथ ही उन्होंने कहा कि एक्सपोर्ट ड्यूटी को भी खत्म किया जाना चाहिए, ताकि किसानों को अंतरराष्ट्रीय मार्केट के ऊंचे दामों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाडकर किसानों को मेरी फसल, मेरा ब्यौरा जैसे पोर्टल के हवाले करना न्यायोचित नहीं है। क्योंकि हरेक खरीद सीजन में ये पोर्टल काम करना बंद कर देते हैं, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ती है। सरकार द्वारा ऐलान किए जाने के बावजूद मंडी में धान की खरीद नहीं हो रही है, क्योंकि सरकार ने धान की खरीद का ऐलान तो कर दिया लेकिन साथ में कई तरह के शर्तें थोप दी गई ऊपर से हमेशा की तरह से खरीद शुरू होते ही पोर्टल ने काम करना बंद कर दिया, जिसकी वजह से जे फॉर्म और ई-फॉर्म नहीं बन पा रहे। मंडी में फसल की आवक जोरों पर है, लेकिन अब तक उठान का कोई बंदोबस्त नहीं किया गया।

## 4 किलो 50 ग्राम गांजा पत्ती सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एंटी नारकोटिक** सेल के नेतृत्व में टीम द्वारा विश्वस्नीय सूचना पर आरोपी मनीष उर्फ मन्नी पुत्र आशानंद वासी गली नंबर 11 हांसी रोड राजीव कॉलोनी करनाल को राजीव कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के कट्टे में 4 किलो 50 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजा पत्ती दिल्ली के आजादपुर रेलवे स्टेशन से अनजान व्यक्ति से खरीदकर लाया था। इसकी कीमत



करीब 60 हजार रुपए है । आरोपी गांजा पत्ती को यहां लाकर छोटी-छोटी मात्रा में चलते फिरते नशा करने वाले को बेच देता है।

## एमडीडी बाल भवन में हुआ फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
अग्रवाल युवा फोरम के सौजन्य से आज महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल की भांति इस वर्ष भी एमडीडी बाल भवन में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में मंच संचालन राहुल जैन द्वारा किया गया।
आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन उमेश चानना, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शम्मी बंसल एवं डॉ. नवीन गुप्ता प्रधान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रहे।
आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पुनीत जैन, विनय जैन, तुषार अग्रवाल, हितेश अग्रवाल रहे। आज एमडीडी बाल भवन में बच्चों




की स्वास्थ्य जांच के बाद पेंटिंग प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, बच्चों के लिए यूनिफार्म एवं कार्यक्रम में अंत में सभी बच्चों के लिए विशेष रूप से जलपान की व्यवस्था करवाई, जिसमें गोल गप्पे, पीजा, डोसा, दही भल्ले, पाव भाजी, और मीठे में बच्चो के लिए रबड़ी फालूदा आदि व्यवस्था करवाई गयी। शम्मी बंसल एवं उमेश चानना ने अग्रवाल युवा फोरम के सभी सदस्यों को ऐसे नेक कार्य के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि युवा फोरम समाज के लिए हर साल अग्रसैन जयंती पर

**हेल्थ चेकअप**

**8 स्वास्थ्य जांच के बाद पेंटिंग प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ**

कार्यक्रम आयोजित करता है। सभी अतिथियों को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित गुप्ता, मुनीश गुप्ता, राजेश गर्ग, सुमित जैन, रोहित गोयल, सचिन बिंदल, अभिषेक सिंगला, सचिन गर्ग, विनोद गर्ग, धीरज गोयल, विकास सिंगला, विकास गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, पंकज गोयल, नितिन सिंगला और राहुल गुप्ता आदि सदस्य मौजूद रहे।

# रणनीति: विद्युत विभाग के संविदा कर्मी पकडेंगे आंदोलन की राह

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा कर्मी अब आंदोलन की राह पकडेंगे। निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने रविवार को छाता में चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले छाता स्थित डाक बंगले पर संविदा कर्मियों ने मीटिंग की तथा आने वाले दिनों में विद्युत विभाग तथा सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा



कर्मचारी संघ लखउन गणेश तोमर ने बताया कि मथुरा जनपद में 1000 से अधिक कर्मचारी आउटसोर्सिंग के माध्यम से बिजली विभाग में काम कर रहे हैं। उनकी ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए हमने बैठक बुलाई हुई है। जिसमें हमारे विडीवज कमेटी का चुनाव भी होना है और साथियों की लम्बे समय से समस्याएं लंबित हैं। कुछ अधिकारियों से वार्ता की जानी है। दूसरा हमारे आने वाले समय में लखनऊ स्तर से हमारे संगठन का आह्वान है कि हम चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने जा रहे हैं। 16 अक्टूबर को काला फीता बांध कर तय ड्यूटी के समय से एक घंटे अतिरिक्त कार्य करेंगे। उससे आगे दूसरा चरण 20 अक्टूबर का है, जिसमें कैंट बिजली घर पहुंच कर अधीक्षण अभियंता के माध्यम से ज्ञापन देंगे। 21 अक्टूबर को तीसरे चरण में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। चौथे चरण में 25 अक्टूबर को डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। पांचवें चरण में 30 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर कैंडल मार्च निकालेंगे। छह नवम्बर को लखनऊ में महापंचायत का आह्वान किया गया है। हमारी ही मोटरसाइकिल, हमारा ही मोबाइल, काम के समय के घंटे निर्धारित नहीं, 26 दिन का मेहनत महीने में मिलता है। मिनिमम वेज भी टेक्निकल का नहीं है। टेक्निकल मिनिमम वेज हमारी 25 हजार से 32 हजार तक बनता है जिसमें पेट्रोल मोबाइल सब चाहिए।

## राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में कवयित्री ने बांधा समां



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव समारोह में राष्ट्रीय कवियत्री सम्मेलन में ओज और वीर रस से परिपूर्ण कवियत्रियों के काव्य पाठ ने श्रोताओं को तालियों की गड़गड़ाहट के लिए मजबूर कर दिया।

श्रोता जोश में भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। कवि सम्मेलन में लखनऊ की कविता तिवारी द्वारा मां शारदा की वंदना सारी धरा तुम्हारे ही गीत गा रही है, ऐसा लगा तू मधुरिम वीणा बजा रही है। कवयित्री मनु वैशाली ने कृष्ण कृष्ण एक सत्य काव्य पाठ कर भगवान कृष्ण को दर्शन का विषय बताया। काशी से युवा कवयित्री प्रियंका राय ने हां मैं नारी हैं हूं. सुनाकर महिलाओं के महत्त्व पर प्रकाश डाला। नागपुर की श्रद्धा शौर्य की कविता आतंकी गुर्गों पर भारी, एक अकेला भगवाधारी सुनाकर शौर्य ने वाही वाही लूटी और श्रोता ताली बजाने पर विवश हो गए।

## न्यूज फ्लैश

### विहिप ने थाने में सौंपा ज्ञापन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में विश्व हिंदू परिषद की एक टीम नगराध्यक्ष शिवकांत चौधरी, मंत्री महेश पाल के नेतृत्व में रविवार को थाने में थानाध्यक्ष अनुज कुमार राणा से मिली। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से सनातन के पवित्र नवरात्रि व विजयदशमी के दौरान शहर में मांस इत्यादि की दुकानों पर प्रतिबंध लगाकर उन्हें बंद रखने के लिए ज्ञापन सौंपा। ताकि हमारे सनातन त्योहार सात्विकता से श्रद्धा और आस्था से मनाए जा सकें। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि मांगों पर कार्रवाई न होने पर विहिप कार्यकर्ता स्वयं सड़कों पर उतरकर इन पर रोक लगाने का काम करेगा। इस मौके पर योगेश पाठक, निरंजन नम्बरदार, सुरजीत चौधरी, कपिल खंडेलवाल, सत्यवीर भास्कर, पदम बाल्मीकि, रमेश सैनी, विष्णु सैनी मौजूद रहे।

### नगरवासियों ने किया राम बारात का भव्य स्वागत, पग पग पर बरसे पुश्प

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की बारात में छह दर्जन कलात्मक झांकियों, अनेक बैंड बाजों की सुमधुर स्वर लहरियों के साथ बाटी वाली कुंज स्थित बृज धाम सेवा समिति के संयोजकत्व में जनमासे से राम बारात प्रस्थान कर चौक बाजार में स्व. किशन चन्द शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पं. मनोज शर्मा व पं. बादल शर्मा के संयोजकत्व में बनी अवधपुरी पहुंची। वहां से स्वागत सत्कार के उपरांत स्वामी घाट, छत्ता बाजार, होली गेट होती हुयी कोतवाली रोड, भरतपुर गेट स्थित जनकपुरी पहुंची। वहां प्रभु राम व जानकी के विवाहोत्सव की लीला हुई। वहां पर जनकपुरी समिति द्वारा मुनि वशिष्ठ, विश्वामित्र व राजा दशरथ का मिलनी कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विवाह की लीला के अन्तर्गत माता जानकी जी ने प्रभु श्रीराम व प्रभु श्रीराम ने माता जानकी का वरमाला पहना कर वरण किया, तो उपस्थित जनसमुदाय श्री राम व माता जानकी की जय जयकार करने लगा। राम बारात का मार्ग में अनेक स्थानों पर आरती व पुष्प वर्षा कर नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राम बारात में राजा रामचंद्र के जयघोषों से कृष्णा नगरी राम के रंग में रंगी नजर आयी। राम बारात में मुख्य रूप से रविकान्त गर्ग, गोपेष्वर नाथ चतुवेर्दी, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिषोर अग्रवाल, नन्दकिषोर अग्रवाल, मूलचन्द गर्ग, विजय सर्राफ किरोड़ी, प्रदीप सर्राफ, षैलेश अग्रवाल सर्राफ, अजय मास्टर, पं. षषांक पाठक, संजय बिजली, नगेन्द्रमोहन मित्तल, अजयकान्त गर्ग, पं. अमित भारद्वाज, विजय बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे। सोमवार को कोप भवन की लीला सायं सात बजे श्रीकृश्ण जन्मस्थान पर होगी।

करंट लगने से भैंस की मौत, युवक झुलसा
मथुरा। महावन के मोहल्ला व्यापारी में खंभे में करंट उतरने से एक भैंस की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। झुलसे हुए युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खम्भे में आ रहे करंट से भैंस छू गई। वहीं 18 वर्षीय चांद मुहम्मद पुत्र जब्बार भी करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी हालत बिगड गई। लोगों ने इस दुर्घटना के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया और आक्रोष व्यक्त किया।

### लाड़िली जी मंदिर के आसपास अतिक्रमण की शिकायत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
लाडली जी मंदिर बरसाना के रिसीवर रास बिहारी गोस्वामी ने उप जिलाधिकारी गोवर्धन को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि मंदिर के आसपास अवैध रूप से कई दुकानदार अपनी दुकान लगाकर बैठ जाते हैं। कोई फूल बेचने के बहाने तो कोई खिलौने बेचने के बहाने बैठते हैं, लेकिन उनकी नजर तीर्थ यात्रियों की जेब पर रहती है। वह जबरिया अपना सामान बेचने के बहाने तीर्थ यात्रियों से बदसलूकी करते हैं। आये दिन झगड़े होते हैं। मंदिर प्रबंधन की ओर से पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने भी कई बार उनको खदेड़ा लेकिन फिर दुकान लगा कर अवैध रूप से बैठ जाते हैं। अतिक्रमणकारी आए दिन झगड़ा करते हैं। इनसे मंदिर प्रबंधन परेशान होता है। आए दिन मंदिर प्रबंधन को बदनामी झेलनी पड़ती है। श्री गोस्वामी ने प्रशासन से कहा है कि इन्हें खदेड़ा जाए और मंदिर प्रशासन से अनुमति लेकर ही दुकान लगवाई जाएं। ऐसे लोगों का चरित्र वेरिफिकेशन कर उन्हें ही अनुमति दी जाए। बरसाना में जयपुर मंदिर से राधारानी मंदिर तक उद्यान क्षेत्र की भूमि पर भी अतिक्रमण है। एक बार एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए कार्यवाही के आदेश कर दिये। क्षेत्र के उद्यान प्रभारी ने भी कुछ दिन पूर्व एसडीएम को शिकायत करते हुए कहा था कि जयपुर मंदिर से राधा रानी के मंदिर तक के मार्ग और उद्यान की जमीन पर ढकेल, रिक्शा, खोखे वालों ने अतिक्रमण कर लिया है।

## शारदीय नवरात्र पर भक्तिमय हुई कान्हा की नगरी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शारदीय नवरात्र रविवार से धूमधाम के साथ शुरू हो गए, देवी मंदिरों की भव्यता देखते ही बन रही है, देवी भक्तो ने सर्वप्रथम घरों पर दुर्गा मां की प्रतिमा के साथ कलश स्थापना की एवं विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद देवी मंदिरों में दर्शन किए, मंदिरों पर भक्तों की भीड़ सुबह से ही जुटी रही। हवन पूजन किए गए। रविवार को देवी मंदिरों के साथ घर घर में माता रानी का पूजन हुआ। भक्तों ने प्रथम दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप का आह्वान कर पूजन किया। घर घर मां के नाम की ज्योति जलाकर मनोकामना मांगी गई। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। राधा बाग स्थित मां कात्यायनी शक्तिपीठ, पथवारी देवी मंदिर, परिक्रमा मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर, श्रीकृष्णकाली शक्तिपीठ, कालीदेवी, कैलादेवी और शीतला देवी मंदिर में श्रद्धालु की भारी भीड़ रही।

## नवरात्रि के पहले दिन माता रानी के दरबार में लगी भक्तों की भीड़

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
शारदीय नवरात्रि के पहले दिन कानपुर नगर क्षेत्र स्थित सभी देवी के मंदिरों में पूजा-अर्चना एवं दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ है। मंदिरों में सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरों के साथ कड़ी निगरानी की जा रही है। महानगर स्थित बारा देवी, तपेश्वरी देवी, जंगली देवी, काली मठिया, कुष्मांडा देवी मंदिर का पट रविवार सुबह मंगला आरती के बाद भक्तों के लिए खुल गया। शुभ मुहूर्त में घर-घर कलश स्थापित करके मां के भक्तों ने सुबह से मां की आराधना शुरू कर दी है। मां के आगमन से पूर्व शनिवार को देवी मंदिरों में स्वच्छता का महा अभियान भी चलाया गया।

## काम नहीं आई किसानों की चतुराई, लगा जुर्माना



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गांव भालई में किसानों की चतुराई काम नहीं आई। प्रशासन ने करीब आधा दर्जन किसानों पर जुमार्ना ठोक दिया है। जुमार्ना वसूली के लिए नोटिस जारी कर दिये गये हैं। जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देशित किया गया था कि जनपद में चलने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुए पायी जाये तो उसको तत्काल सीज करते हुए कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्चे पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर छोड़ा जाए। किन्तु कम्बाइन हार्वेस्टर मालिक श्री कुलदीप पुत्र श्री गोविन्द राम निवासी ग्राम गिडोह विकास खण्ड नन्दगांव द्वारा उक्त शासनादेश का उल्लघन करते हुए बिना फसल अवशेष यन्त्र लगाये धान फसल कटाई का कार्य किया जा रहा है। कम्बाइन हार्वेस्टर को अश्विनी कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी, मथुरा ने सीज कराकर सुपुर्दगी किया। एसडीएम मांट प्रीति जैन ने शनिवार को गांव नसीटी हरनोल से एक एक कम्बाइन मशीन एसएमएस न होने के चलते सीज की है।

## ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सांझी संरक्षण के प्रयासों की सर्वत्र सराहना

प्रस्तुति

8 -ओपन एयर थिएटर पर रसखान के पदों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति देख दर्शक भाव विभोर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद, उप्र पर्यटन द्वारा सांझी महोत्सव के अंतर्गत रसखान समाधि पर अंतिम दिन अनेक नई प्रकार की सांझी बनायी गयीं। वृंदावन के सौरभ गोस्वामी व साथी चित्रकारों ने परंपरागत कई प्रकार की सांझी बनायी। श्री कृष्ण इंटर कॉलेज गोकुल के शिक्षक अनिल सोनी,




खुशबू उपाध्याय ने श्रीकृष्ण के आकर्षक चित्र बनाए। ये चित्र सूखे रंगों से तैयार किए। खजानी वूमेन इंस्टीट्यूट को छात्रा मुस्कान प्राची, यामिनी, हर्षिता और भावना ने मॉडर्न श्रीकृष्ण का आकर्षक चित्र बनाये। इन छात्राओं ने इससे पूर्व होली की सांझी, रास की सांझी और राधा कृष्ण की सांझी पर कैनवास बनायी। वृंदावन के चित्रकारों के अलावा गोकुल की लक्ष्मी और गोवर्धन की कलाकार पूनम यादव ने गोबर की वे सांझी बनायीं जो समूचे श्राद्ध पक्ष में हर दिन के हिसाब से बनायी जाती हैं। चित्रकारों ने रंग बिरंगी परम्परागत सांझी बना कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रसखान समाधि स्थल स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर में ब्रज की सांझी कलाष विषयक सेमिनार का आयोजन भी हुआ। सेमिनार में ब्रजभाषा के कवि अशोक अज्ञ, ब्रजभाषा साहित्यकार सोटानंद जी नोएडा, उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चन्द्र शर्मा, परिषद के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार व भागवताचार्य गोपाल गोप, विजेयता चतुवेर्दी ने ब्रज की सांझी कला के महात्म्य विषय पर विचार व्यक्त किए। सेमिनार के समापन पर कोआर्डिनेटर श्री सिकरवार ने कहा कि भविष्य में ब्रज तीर्थ विकास परिषद सांझी के अलावा अन्य कलाओं के संरक्षण कराएगी। उन्होंने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। चौथे दिन रसखान समाधि स्थल के ओपन एयर थियेटर में परासोली के कलाकार गोपाल गोप व उनके कलाकारों ने रसखान के पदों पर संगीतमय प्रस्तुति दी। मंच पर राधा व गोपियों ने रास की प्रस्तुति दी।

## एंटी रोमियो टीम ने गांव गांव जाकर लगाई नारी शक्ति चौपाल



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रविवार को थाना नौहझील के गांव मरहला मुक्का और देदना,बाघर्रा अड्डा में टीम एंटी रोमियो ने मिशन शक्ति, शक्ति दीदी, साइबर अपराध एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में जन चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को प्रेरित किया और संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। नारी शक्ति चौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ नौहझील इंस्पेक्टर क्राइम मनोज सिंह ने किया। कार्यक्रम में नारी शिक्षा जागरूकता पर मनमोहन स्टॉल लगाई गई। सब इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह व महिला आरक्षी पूजा सिंह ने कहा नारी शिक्षा चौपाल का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। जिससे समाज में महिलाएं निडरता के साथ आगे बढ़े और अपने अधिकारों को प्रयोग करें,नौहझील इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र में गांव गांव जाकर एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जाग्रत किया जा रहा है और लोगो को बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साइबर अपराध और महिला सशक्तिकरण के संबंधित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया जा रहा है।

नारी शक्ति चौपाल में गांव से दर्जनों महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई।

## देवउठनी एकादशी को होगा सामूहिक विवाह समारोह

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति मथुरा के तत्वावधान में सैनी, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य समाज के सामूहिक विवाह समारोह को लेकर सैनी नगर सदर बाजार स्थित कार्यालय पर नत्थीलाल सैनी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 23 नवम्बर देव उठानी एकादशी को सैनी, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य समाज के 16 वें सामूहिक विवाह समारोह को लेकर चर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन गोला कुआं जमुना पार लक्ष्मी नगर में आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने युवक युवतियों के विवाह के लिए सैनी नगर सदर बाजार स्थित कार्यालय पर अभिभावकों से पंजीकरण कराने की अपील की।

## दो सड़क हादसों में चार युवकों की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
दो सड़क हादसों में चार युवकों की मौत हो गई। शनिवार की देर शाम दोनों सडक हादसे हुए। छाता शुगर मिल के सामने दो मोटरसाइकिल सवारों को वाहन ने रौंद दिया, हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। दूसरा सड़क हादसा गांव नगला कलोंदा के समीप हुआ, इस हादसे में अलीगढ़ के दो युवकों की जान चली गई। शनिवार को आज शाम करीब छह बजे छाता शुगर मिल के सामने नेशनल हाईवे पर



दिल्ली से मथुरा जाने वाली रोड पर किसी अज्ञात वाहन से मोटरसाइकिल सवारों की टक्कर हो गई जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। मनवीर पुत्र सुखीराम एवं भरत पुत्र छत्तर निवासी मोरे का नगला अपनी मोटर साइकिल स्प्लेंडर यूपी 85 सीडी 1901 से अपने गांव जा रहे थे तभी अचानक नेशनल हाईवे 19 पर किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने की वजह से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक भरत सुबह किसी काम से अपनी ससुराल मनी गढ़ी गया था और रास्ते में लौटते वक्त हादसा हो गया इस घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस चालक ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने भी उन्हें मृत घोषित कर दिया मौके पर पहुंचे छाता क्राइम इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अलीगढ जनपद के दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने कुचला मांट थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलीगढ जनपद निवासी दो दोस्तों को गांव नगला कलोंदा के समीप अज्ञात वाहन ने कुचल दिया

एक की मौके पर मौत हो गयीं, दूसरे ने अस्पताल जाते वक़्त दम तोड़ दिया।

## जिलाधिकारी ने ली जिला पोषण समिति की बैठक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा ने प्रदेश में पोषण माह में 11 वीं रैंक प्राप्त की है। संभव अभियान में सातवीं रैंक पर है। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में 2363 केंद्र है तथा सभी केंद्रों पर नियमित रूप से आहार, पोषण राशन का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिलाओं और बच्चों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद को नंबर वन



बनाना है। सैम एवं मैम बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। हमें जनपद को सुपोषित बनना है। सीडीपीओ निरंतर आंगनबाड़ी केंद्रों का भरण करें तथा निगरानी रखें। पोषण ट्रैकर पर नियमित फीडिंग कराए। एनआरसी संदर्भ को गंभीरत से लें और उन्हें अस्पतालों में स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाए उपलब्ध कराएं। बच्चों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण नजदीकी पीएचसी, सीएचसी, स्वास्थ्य केंद्र, सीएचओ आदि में कराएं। आगनबाड़ी केंद्रों में रंगाई व पुताई कराएं। केंद्रों पर सभी प्रकार के यंत्रों की उपलब्धता रखे तथा जिन केंद्र पर वजन व ऊंचाई नापने की मशीन न हो, वे शीघ्र डिमांड प्रेषित करें। प्रभावी स्तनपान संपूरक आहार, स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा, पोषण, पढ़ाई, स्वस्थ दिनचर्या आदि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सुपोषण की ओर कार्यवाही करे। छह वर्ष के कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान करने वाली धात्री महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषक आहार में अब तक सुधार के लिए किये गये कार्यों की समीक्षा की। पोषण ट्रैकर, खाद्यान्न वितरण, सैम बच्चों के नामांकन आदि की प्रगति एवं बच्चों को लर्निंग किट के वितरण पर भी चर्चा की गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गोदभराई, अन्नप्राशन, टीकाकरण की भी समीक्षा की गयी। सभी सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के वजन की तौल मशीन हर आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध होनी चाहिए, इसकी पूर्ति के लिए तौल मशीन को हर हाल में खरीद लिया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने लगाया सरकार पर आरोप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तिरंगा शाखा की ओर से अशोक विहार में 11 अक्टूबर को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में गोली लगने से शहीद हुए अमृतपाल सिंह को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने भारत सरकार से मांग की के सभी अग्निवीर सैनिकों को शहादत होने पर शहीद का दर्जा दिया जाए। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि अग्निवीर सैनिकों के साथ भाजपा की केंद्र सरकार ने भेदभाव करके अच्छा संदेश नहीं दिया है। सैनिक तो सैनिक होता है और वह निर्भीक होकर देश की



सीमाओं पर दुश्मन की गोलियां खाने के लिए सीना तानकर खड़ा रहता है। उन्होंने आगे कहा कि गोली लगने की जांच होने से पहले किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचकर उसकी शहादत पर कोई भी फैसला लेना उचित नहीं है। ड्यूटी पर तैनात अमृतपाल सिंह को शहीद का दर्जा मिलना ही चाहिए। देश की रक्षा का जज्बा लेकर अग्निवीर भर्ती होने के बाद मात्र 19 वर्ष की उम्र में शहीद हो जाना और ऐसी शहादत को अपमानजनक दृष्टि से देखना सरकार की सैनिकों को प्रति निम्न स्तरीय सोच को उजागर करता है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर मेयर ने को दी शुभकामनाएं

## शहर के अग्रसेन चौक पर पहुँच महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

नगर निगम मेयर निखिल मदान ने रविवार को अग्रसेन जयंती के अवसर पर शहरवासियों को अपनी शुभकामनायें दी और अग्रसेन चौक पर जाकर महाराजा अग्रसेन को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। निखिल मदान ने कहा कि महाराज अग्रसेन महान दानवीर, समाजवाद, सामाजिक न्याय, समानता और समरसता के पुरोधा थे और उन्होंने अपने शासन में सदैव प्रजा के हितों को सबसे आगे रखा। हर व्यक्ति को एक ईंट एक रुपए का सहयोग की नीति इस बात का परिचायक है। उन्होंने अग्र समाज को संगठित किया और सर्व समाज के लिए कार्य किए। महाराजा अग्रसेन का जीवन समस्त समाज के लिए आदर्श है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज शारदीय नवरात्रि का प्रथम दिन है और वो माँ दुर्गा से सभी क्षेत्रवासियों के कुशल मंगल की कामना करते है। माँ भगवती की उपासना के



प्रतीक नवरात्रि सबके लिए शुभ हो, माता रानी के चरणों में ऐसी प्रार्थना करते हैं। इसके अतिरिक्त मेयर निखिल मदान ने भारत विकास परिषद द्वारा लिटिल एंजेल्स स्कूल में हिंदी और संस्कृत भाषा में आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया और बच्चो का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर संयोजक मनोज सपड़ा, सह संयोजक दया राम जैन, माधव शाखा अध्यक्ष डॉ आदिश जैन, अध्यक्ष स्वर्णप्रस्थ शाखा पी एम नेहरू भी मौजूद

### पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

8 सामाजिक समानता और समाजवाद के अग्रदूत थे महाराजा अग्रसेन

8 मेयर निखिल मदान ने नगर निगम वासियों को शारदीय नवरात्रि के शुरू होने पर दी शुभकामनायें

8 विभिन्न जगहों पर आयोजित नवरात्रि कलश स्थापना और जागरण में पहुंचे मेयर निखिल मदान।

8 विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा आयोजित दशहरा शोभायात्रा रिहर्सल और भंडारों में मेयर निखिल मदान ने लिया भाग

रहे। मेयर निखिल मदान ने मॉडल टाउन जैस पार्क में मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा शुरू की गई डिजिटल लाइब्रेरी के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और ट्रस्ट के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुमित अलख, महेंद्र वशिष्ठ,राकेश शर्मा, जुगल ज्योति सहित ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

अग्रसेन चौक पर जिला व्यापार मंडल प्रधान संजय सिंगला, प्रधान टीका राम मित्तल,सुशील गोयल,सुभाष जिंदल,अनिल गुप्ता,सचिन गुप्ता,पवन अग्रवाल,अरविंद मित्तल,ओंकार दास गर्ग,नवीन,जितेंद्र शर्मा,आर पी सिंह,प्रवीन सिसोदिया,विशाल आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### वोट बनवाने की विशेष अभियान तिथियां निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**

उपायुक्त एवम जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि आगामी 21 व 22 अक्टूबर तथा 4 व 5 नवम्बर को वोट बनवाने की विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई है। इन विशेष तिथियों में सभी बूथ लेवल अधिकारी( बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रहकर वोट बनाने के फार्म प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर तक दावों एवं आपत्तियों का निपटान करने उपरांत 5 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### फसल अवशेषों का प्रबंधन ही देता है स्वच्छ पर्यावरण को जीवनदान: शांतनु



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि फसल अवशेषों का प्रबंधन करने से ही स्वच्छ पर्यावरण का जन्म होता है और इसी के कारण हम स्वच्छ और साफ वातावरण में सांस लेते है। उन्होंने कहा कि जिले के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए किसानों को स्वयं फसल अवशेषों में आग नहीं लगानी चाहिए। अपितु किसानों को खेतों में ही फसल अवशेषों का प्रबंधन करने पर सरकार की प्रति एकड़ 1 हजार की स्कीम का फायदा उठाना चाहिए। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने रविवार को शाहबाद ब्लॉक के गांवों में फ्लैग मार्च किया और किसानों से बातचीत भी की है। इससे पहले उपायुक्त शांतनु शर्मा, एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, डीडीए डा. सुरेंद्र मलिक, एसडीओ जितेंद्र मेहता, क्यूसीआई शशिपाल शर्मा, एएई राजेश वर्मा ने गांव ढोलामाजरा, रत्नगढ, मोहनपुर,सुरखपुर, तिगरी, खेडा, कतलहरी, अहमदपुर, हीबाना गांव खानपुर जाटान सहित अन्य गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त ने अलग-अलग गांव में काफिले को रुकवाकर खेतों में काम कर रहे किसानों से बातचीत की और पौधारोपण भी किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि फसल अवशेषों में आग ना लगाए तथा फसल अवशेषों का प्रबंधन करने पर सरकार की योजनाओं का फायदा उठाए। उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में गत्त वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष फसल अवशेषों में आग लगाने के कम केस आए है। इस बार किसानों ने सहयोग किया है, लेकिन इस सहयोग की ओर अधिक जरुरत है। किसानों को फसल अवशेषों में आग नहीं लगानी चाहिए, क्योंकि आग लगाने से किसानों के मित्र कीट मर जाते है, वहीं भूमि की उपजाऊ शक्ति भी धीरे-धीरे कम हो जाती है। इसके अलावा पर्यावरण को भी काफी नुकसान होता है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है और किसानों को अगली फसल लेने के लिए अधिक खर्चा भी करना पड़ता है। इन तमाम विषयों को लेकर कृषि विभाग के अधिकारी गांव-गांव जाकर फायदे और नुकसानों के बारे में जागरुक कर रहे है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर अधिक टीमों का गठन किया जाए ताकि फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

### कस्बे में निकली अग्रसेन भगवान की शोभा यात्रा, रात्रि को होगा कवि सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी।** कस्बे में अग्रसेन जयंती के मौके पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पुरुषों सहित युवाओं और महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अनेकों देवी देवताओं से सुसज्जित झाकियों को ट्रैक्टर पर सजाया गया और अग्र बंधुओं ने अपने ईष्ट को सादर अभिवादन करते हुए भारतीय सभ्यता से जुड़ी संस्कृति को नमन किया । अनेक जगह लोगों ने शोभा यात्रा को पानी आदि पेय पदार्थ पिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इसमें महेश सैनी ने अपने साथियों के साथ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर लाला जाट , ब्राह्मण समाज के लोकेश पंडित , भवानी जोशी , चौधरी मालाराम , अरुण जिंदल , धर्मपाल जाट , रूपनारायण मित्तल , रहीस मित्तल , कैलाश पटवारी , अमरनाथ पटवारी , संजय जिंदल , आशीष मित्तल , सुरेश गोयल , राजेंद्र बंसल आदि ने शोभा यात्रा का स्वागत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## बादशाही बाग कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के बादशाही बाग कॉलोनी में मानव धर्मशाला के पास श्री सनातन पूजा समिति द्वारा द्वितीय वर्ष नवरात्रि दुर्गा पूजा एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए प्रधान जसपाल कौर ने बताया की श्रीमद् भागवत कथा 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक आयोजित होगी। जिसमें मोती नगर से सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज कथा सुनायेगें। अंत में भंडारा एवं मूर्ति विसर्जन 24 अक्टूबर को होगा। कथा शुरू करने से पहले एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें मोहल्ले की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व गलियों में घूमते हुए ढोल की ताल पर नाचते हुए शोभायात्रा निकाली गई।

## स्टोर्म वॉटर लाइन का पार्षद सुरेंद्र प्रधान ने निरीक्षण किया

### सभी नागरिकों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया और उनकी सेवा में दिन-रात खड़ा रहने का आश्वासन भी दिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बारिशों के दौरान सैक्टर -14 में जल जमाव की स्थिति को लेकर सोनीपत नगर निगम द्वारा आजकल सैक्टर -14 की सभी मुख्य सड़कों के नीचे एक बड़ी स्टोर्म वॉटर लाइन बिछाने का अभियान छेड़ा हुआ है। इस निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री और काम की गुणवत्ता पर वार्ड-3 पार्षद एवं निगम फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र मदान की नजर लगातार बनी रहती है। वे इस निर्माणाधीन कार्य का प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करते हैं



और समय-समय पर पाई जाने वाली खामियों को निगम के संबंधित एस डी ओ तथा संबंधित ठेकेदार के संज्ञान में लाकर उसे दूर करवाते हैं। इसी कड़ी में रविवार को सुरेंद्र मदान ने सैक्टर -14 के मकान नंबर 258 वाली लाइन में डाली जा रही स्टोर्म वॉटर लाइन का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र के निवासियों के बुलावे पर वे उनसे व्यक्तिगत रूप से मिले और उनकी समस्याएं सांझा की। मौके पर ही निगम के संबंधित एस डी ओ और संबंधित ठेकेदार को बुलाकर समस्याओं का समाधान भी किया जिसके लिए एकत्रित नागरिकों ने उनका धन्यवाद भी किया। सदा की तरह आज भी सुरेंद्र मदान ने सभी नागरिकों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया और उनकी सेवा में दिन-रात खड़ा रहने का आश्वासन भी दिया।

## महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** जिला सोनीपत के ब्लाक खरखोदा गाँव फरमाणा में विश्व निवेशक सप्ताह 2023के अवसर पर एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत , द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका दहिया चेयरपर्सन जिला परिषद सोनीपत मुख्य वक्ता श्री सूर्यकान्त शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष



अजय कुमार डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत डा जयपाल जिन्दल ने दिप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में वित्तीय जागरूकता के विषय को विस्तार से समझाया ओर कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता सूयार्कान्त शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, मुद्रा योजना,सुकन्या समृद्धी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं । उन्होंने कहा कि ये योजनाएँ महिलाओं के लिए और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिए।

उन्होंनें विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया। उन्होंने मुयुच्वल फण्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समझाया कैसे आप व्यक्ति भी इस से लाभांवित हो सकता हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष मौजूद श्री अजय कुमार जी ने अपने उदबोधन में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण , स्वरोजगार ,परिवार एवं समाज को आत्मनिर्भर बनाने में के सहकारिता की उपयोगिता बारे विस्तार से बताया। डा॰ जयपाल जिन्दल ने महिलाओं को वर्तमान समय में हो रहें वित्तीय छल- कपट से सावधान रहने की अपील की और विभिन्न प्रकार की पौन्जी एवं फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया की कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है।

साथ ही इनसे बचने के लिए जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### शारदीय नवरात्रि में निकली प्रभातफेरी, आस्था के प्रति समर्पित हुए लोग

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

नारनौल। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रभात फेरी संगठन द्वारा पुरानी मंडी नजदीक रेलवे अंडरपास मेहता चौक से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान सतीश कुमार शर्मा परिवार ने ठाकुर जी को पुष्प अर्पित करके एवं निशान पूजन करके प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। प्रभात फेरी संगठन के इंचार्ज घनश्याम गर्ग ने बताया कि सतीश शर्मा द्वारा अपने पुत्र मास्टर कनिष्क के प्रथम जन्म दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन उनके निवास स्थान पर किया गया एवं केक काटकर जन्मोत्सव की बधाई दी।

### जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 19 अक्टूबर को

**सोनीपत:** जिला के आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला परिवाद एवं कष्टद्द निवारण समिति की मासिक बैठक 17 अक्टूबर की बजाय अब 19 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे परिवहन मंत्री एवं अध्यक्ष जिला परिवाद एवं कष्टद्द निवारण समिति मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 18 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे, जिनकी सुनवाई परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे।

## किसानों व आढ़तियों की समस्याओं को जाना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**

श्री सती भाई साई दास सेवादल की ओर से रविवार को स्थानीय जिला सचिवालय परिसर में पीने के पानी की प्याऊ का उद्घाटन महाराज रामसुखदास एवं नगराधीश राजेश सोनी ने किया।

नगराधीश राजेश सोनी ने इस मौके पर श्री सती भाई साई दास सेवा दल संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था समाज सेवा में अग्रणी स्थान रखती है और पानीपत में जहां कहीं भी लोक कल्याण की बात होती है तब इस संस्था का नाम सर्वोपरि लिया जाता है। राजेश सोनी ने कहा कि यह संस्था हम सबके लिए प्रेरक है और इन्होंने अब तक कुल 33 प्याऊ स्थापित की हैं।



जिनमें पानी ठंडा व आर ओ युक्त होता है। उन्होंने कहा कि इस प्याऊ के यहां लगने से जिला सचिवालय और कोर्ट परिसर में आने वाले लोग पानी से तृप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्याऊ लगाना सामाजिक कार्यों में सर्वोपरि माना गया है। इसके लिए यह संगठन प्रशंसा का पात्र है। इस मौके पर पार्षद विजय जैन, हर्ष पायल राघव तायल विशाल तायल, ओम प्रकाश चौधरी, तिलक चंद,दयानंद चुघ,महेंद्र चुघ, करतार सिंह, राजू मिगलानी मुकेश भाटिया अशोक भाटला इत्यादि उपस्थित रहे।

## चोरीशुदा मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहे दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

पानीपत सीआईए टू पुलिस टीम ने सेक्टर 25 में नाला पुलिया के पास चोरीशुदा मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान शाहरुख निवासी धूप सिंह नगर व रोहित निवासी साई कॉलोनी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि शनिवार देर शाम उनकी टीम को गस्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली कि सेक्टर 25 में नाला पुलिया के पास संदिग्ध किस्म के दो युवक मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। युवकों के पास मोबाइल फोन चोरी के होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए मौके



पर दबिश देकर दोनों युवकों को दो मोबाइल फोन सहित काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान शाहरुख पुत्र निजामुद्दीन निवासी धूप सिंह नगर व रोहित पुत्र धर्मपाल

### शिकंजा

8 आरोपियों की पहचान शाहरुख निवासी धूप सिंह नगर व रोहित निवासी साई कॉलोनी के रूप में हुई

निवासी साई कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने मोबाइल फोन बारे पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त दोनों मोबाइल 10 अक्तूबर को एकता विहार कॉलोनी में पिंकी हैण्डलुम फैक्टरी से चोरी करने बारे स्वीकारा। मोबाइल चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अमरजीत निवासी गैस उजनपुर अयोध्या यूपी हाल एकता विहार कॉलोनी की शिकायत मुकदमा दर्ज है। थाना चांदनी बाग में अमरजीत पुत्र राम नेवल निवासी गैस उजनपुर अयोध्या यूपी हाल एकता विहार कॉलोनी ने शिकायत देकर बताया था की वह एकता विहार कॉलोनी में पिंकी हैण्डलुम फैक्टरी में मैट बनाने का काम करता है। 10 अक्तूबर को फैक्टरी से उसके दो मोबाइल फोन चोरी हो गए। शिकायत पर थाना चांदनी बाग में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो दोनों आरोपियों ने मिलकर मोबाइल चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया।

## पराली को किसानों की आय का जरिया बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने पराली एक्स-सीटू प्रबंधन नीति 2023 को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार पराली को किसानों की आय का जरिया बनाने के लिए प्रयासरत है, ताकि किसानों की आय को बढ़ाया जा सके ताकि उन्हें आर्थिक रूप से मजबूती मिल सके। उन्होंने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण का एक प्रमुख कारण मानी जाने वाली पराली प्रबंधन की दिशा में प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेशभर में पराली एक्स-सीटू प्रबंधन नीति हरियाणा 2023 को मंजूरी प्रदान की है।

उपायुक्त ने बताया कि नई नीति के तहत किसान फसल अवशेषों को जलाने की बजाए उसका सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल कर सकता है और फसल अवशेषों को अपनी आय का साधन बनाकर अच्छा मुनाफा ले सकता है। नई नीति के तहत पराली से बिजली, बायोगैस, बायो सीएनजी, जैव-खाद, जैव-ईंधन और इथेनॉल बनाया जाएगा। किसान धान के भूसे को काटने, एकत्र करने, बेलने, भंडारण करने और भूसे-आधारित उद्योगों व प्लांट तक उसे पहुंचाने वाले कृषि उपकरणों और मशीनरी पर सब्सिडी के लिए पात्र होंगे। हरियाणा सरकार पराली को किसानों की कमाई का नया जरिया बनाने में जुटी है। एक्स-सीटू के तहत विभिन्न प्रकार के फसल अवशेषों को खेत से बाहर ले जाकर उसका मैनेजमेंट किया जाता है। इस नीति का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी और उसके आस-पास लगते क्षेत्रों में पराली जलाने के मामलों में कमी लाने, टिकाऊ ऊर्जा के लिए धान की पराली का उपयोग करने और 2027 तक फसल अवशेष जलाने के चलन को खत्म करना है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा एक्स-सीटू मैनेजमेंट ऑफ पैडी स्ट्रॉ पॉलिसी 2023 धान के भूसे-आधारित परियोजनाओं में निजी निवेश बढ़ाने, किसानों को प्रोत्साहित कर जिम्मेदारी के साथ पराली का उपयोग सुनिश्चित करने और किसानों व उद्योगों के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## नाहन हाउस में टॉक विद वॉक को लेकर जनता से ज्वलंत मुद्दों पर किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन द्वारा शुरू किए गए टॉक विद वॉक में लोगों का काफिला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और लोगों का कांग्रेस पार्टी में भरपूर प्यार और समर्थन देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी के मद्देनजर अम्बाला शहर के नाहन हाउस के वाल्मीकि नगर में रोहित जैन ने टॉक विद वॉक के दौरान जनता से अम्बाला शहर के ज्वलंत मुद्दों पर संवाद किया। इस कार्यक्रम का आयोजन आर. के. परवाना, राकेश कुमार कमलकान्त अशोक कुमार आदि ने किया! जैन ने कहा कि प्रदेश में बीजेपी, जेजेपी सरकार के दौरान बेतहाशा महंगाई ने जनता का दिवाला निकाल दिया है। लोग ये सोचकर परेशान हैं कि वो अपना गुजारा कैसे करें, क्या

### संवाद

8 काफिला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और लोगों का कांग्रेस पार्टी में भरपूर प्यार और समर्थन देखने को मिल रहा है

खाएं, क्या परिवार को खिलाएं। उन्होंने कहा कि अच्छे दिनों का सपना दिखाकर मोदी ने देशवासियों के साथ जो विश्वासघात किया है, उससे सभी हताश हैं। जहां देखो, वहां महंगाई की आग लगी है। रोजमर्रा के सामान की कीमतें आसमान छू रही हैं। नमक-तेल से लेकर आम आदमी के जरूरत की सारी चीजों की कीमतें बीते 9 साल में कई गुना हो गई हैं। लोग अपनी परेशानी



किसे बताएं क्योंकि सरकार को लोगों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि दूध का भाव आज लगभग 70 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसके अलावा आटा, तेल और मसालों के दाम आसमान छू रहे हैं। आज हरी सब्जी खरीदना और खाना आम आदमी का सपना हो चुका है। जैन ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का दाम नहीं मिल रहा, छात्रों को अच्छी पढ़ाई नही मिल रही। बुजर्गों को दवाई नहीं नसीब हो पा रही है। रेल यात्रा महंगी है, तन ढकने का कपड़ा महंगा, बच्चों का दूध महंगा, रोटी का आटा महंगा, दाल-नमक-तेल महंगा, साबुन-तेल मंहगा, टूथपेस्ट, बिस्कुट से लेकर शक्कर और चायपत्ती तक महंगी। गरीब खाने को तरस रहा है। उन्होंने कि आज हर वर्ग इस सरकार से परेशान है और इस जुमलों की सरकार की नियत को पहचान चुका है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तरह ही अब रोजाना सुबह टॉक विद वॉक यात्रा भी अम्बाला शहर की जनता को जोड़ने का काम करेगी व कांग्रेस की नितियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोगों का उत्साह और उमंग हमें देखने को मिल रहा है उसे देखकर मैं कह सकता हूँ कि आने वाला समय कांग्रेस का है और हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ कोंग्रेसी नेता तरुण चुघ, कुलदीप सिंह गुल्लु, दविंद्र बजाज, पूर्व देशवासिओ राज, रोहित गर्ग, संदीप कुमार शर्मा, राजन मेंहन्दीरत्ता, अजय गौर, सतीन्द्र पाल सिंह, अधिवक्ता कृष्ण लाल सहगल, अधिवक्ता दविंद्र सिंह सांगवान, अधिवक्ता मनप्रीत सिंह बॉबी व वार्ड के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# नरेला में नारद मोह प्रसंग के साथ सुभाष रामलीला का भव्य आगाज







**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
नवरात्रि के आगाज के साथ ही देश भर में रामलीला मंचन शुरू हो गया है। बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी व पुरानी सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब नरेला की ओर से 77वीं भव्य रामलीला एवं दशहरा महोत्सव का मंचन रामलीला ग्राउंड मनसा देवी रोड़ पर रविवार से शुरू हो गया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप शर्मा द्वारा रिबन काटकर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि व सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के सदस्य, पदाधिकारी, सहयोगी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सम्मान पुष्पगुच्छ, पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सुभाष रामलीला के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। आधुनिकता के दौर में जहां मोबाइल टेक्नोलॉजी का जमाना है, इसके बावजूद रामलीला मंचन को लेकर उत्साह बरकरार है। इसकी बानगी नरेला में ऐतिहासिक सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में देखने को मिली। लीला

### दर्शक हुए भावुक

**8 दशरथ के तीर से श्रवण का प्राण त्यागने का बड़ा ही भावुक तरीके से मंचन किया गया, जिसे देखकर लोग भावुक हो गए।**

मंचन के पहले ही दिन हजारों की संख्या में दर्शक रामलीला देखने पहुंचे। पहले दिन की लीला में नारद मोह श्रवण लीला का मंचन हुआ। दशरथ श्रवण संवाद का मंचन बेहतर तरीके से किया गया। दशरथ के तीर से श्रवण का प्राण त्यागने का बड़ा ही भावुक तरीके से मंचन किया गया, जिसे देखकर लोग भावुक हो गए।
इसके बाद जब राजा दशरथ पानी का लोटा लेकर श्रवण के माता-पिता के पास पहुंचते हैं तो वे राजा से श्रवण के बारे में पूछते हैं। दशरथ द्वारा श्रवण की मौत के बारे में बताने पर वह क्रोधित हो जाते हैं और हाथ में पानी की अंजली लेकर दशरथ को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार विराज पुत्र वियोग में हम तड़प रहे है इसी प्रकार वह भी पुत्र वियोग में तड़प-तड़प कर मरेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अनूप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान पीढ़ी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श चरित्र की अनुसरण करने की आवश्यकता है। भगवान राम माता-पिता और गुरु का सम्मान रखते थे। साथ ही अनुज सखा का भी ख्याल रखते थे। उन्होंने राम के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान भी किया। इस मौके पर सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज, संरक्षक मोहनपुरी, संरक्षक लोकेश गर्ग, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उपप्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला, लेखाकार अनिल कुमार गर्ग, ऑडिटर सचिन कौशिक व डॉ. शुभम रोहिल्ला व एडिटर, मंच संचालक सुरेश गुप्ता, संगठन सचिव मुकेश बंसल, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, सदस्य मोहित गौतम सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## सर्वप्रिय जन संगठन की रामलीला में हुआ गणेश पूजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित आई ब्लॉक रामलीला पार्क में सर्वप्रिय जन संगठन के द्वारा भव्य रूप में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन रविवार से आरंभ हो गया है।
लीला के पहले दिन गणेश पूजन, रावण तपस्या, श्रवण उद्धार के दृश्यों पर मुख्य रूप मंचन किया गया। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, आप नेता सुरेश शर्मा के अलावा राजेंद्र सिंह बिष्ट प्रधान, मुकेश गर्ग महासचिव, टीटू राम वरिष्ठ उपप्रधान, पवन गोयल उपप्रधान, मुख्य संयोजक नरेन्द्र पाल शर्मा, विनोद सहगल उपप्रधान, प्रमोद शर्मा उपप्रधान, जितेंद्र चौरसिया उपप्रधान,आनंद कुमार पांडे सचिव, संजय सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष, दीपक मनचंदा सह कोषाध्यक्ष, नवीन वर्मा, सुमित ठाकुर, विपिन तिवारी, डॉक्टर मुकेश गर्ग, डॉक्टर शम्भू यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपप्रधान पवन गोयल ने अभिभावको से कहा कि अपने साथ अपने बच्चों को भी लीला स्थल पर अवश्य ही लाये, ताकि बच्चे प्रभु श्रीराम के जीवन से अवगत हो सके।

## अशोक विहार में नारद मोह की लीला का हुआ मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस-2 के मंच पर श्री गणेश पूजन, शंकर पार्वती संवाद, नारद मोह, रावण तपस्या एवं वैदवती संवाद की लीला का मंचन निपुण कलाकारों के द्वारा किया गया। शंकर पार्वती संवाद व नारद मोह की लीला देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। पहाड़, बन, झरना आदि का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक था। कार्यक्रम का उद्घाटन वीरेंद्र सचदेवा अध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश, अजय गुप्ता निदेशक बचपन व सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश ने किया। इस अवसर पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि श्री राम का चरित्र, कर्तव्यनिष्ठ, कर्म प्रधान, आदर्शों एवं मयार्दाओं से



युक्त अति विनम्र व प्रेम प्रधान है । सतीश गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम के चरित्र का वर्णन शब्दों में तो हो ही नहीं सकता प्रभु श्रीराम अत्यंत शक्तिशाली थे किंतु उन्होंने कभी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया तथा युद्ध में भी उन्होंने सदा मयार्दाओं का ही पालन किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला के मुख्य संरक्षक सुरेंद्र पाल गुप्ता अध्यक्ष अरुण बंसल, अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने सभी को महापर्व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामलीला के निदेशक नितिन बत्रा ,मेला अध्यक्ष चंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोयल, संदीप गुप्ता, विजय बंसल, देवराज, प्रवीण कुमार सिंह, राकेश गुप्ता, बीपी गर्ग, घनश्याम गुप्ता, पंकज वासिया मौजूद रहे।

## हिरणकी: स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद भी दिल्ली के गांवों में अंतिम संस्कार बनी चुनौती: हरपाल सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
समाजसेवी हरपाल सिंह राणा ने बताया कि मान्यता है कि विधिवत अंतिम संस्कार क्रिया से जीव की वासनाएं शांत हो जाती हैं और शरीर इस दुनिया की सभी मोह माया को त्याग कर पृथ्वी लोक से परलोक की तरफ प्रस्थान करता है। श्री राणा ने आगे बताया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के द्वारा देश के पहले खंड विकास कार्यालय अलीपुर का उद्घाटन किया गया था, लेकिन स्वतंत्रता के 75 वर्ष के बाद भी अलीपुर खंड विकास के आठ गांवों में अभी तक शमशान घाट नहीं है। हरपाल सिंह राणा ने आगे बताया कि 'हरपाल की चौपाल' के माध्यम से हिरणकी, मोहम्मदपुर, रमजानपुर, कुशक, पल्ला, बख्तावरपुर आदि गांवों के व्यक्तियों की हिरणकी में




बैठक हुई। जिसमें सभी गांवों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। वहां पर मौजूद सभी ने हस्ताक्षर कर, इस हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। श्री राणा ने जानकारी दी कि हस्ताक्षर के पश्चात दिल्ली सरकार और भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।
बैठक में हरपाल सिंह राणा, नरेंद्र, गोपी सिंह परमार्थ, प्रेम सिंह, ललित कौशिक माजरा, सुदेश कुमार बख्तावरपुर, राजेंद्र सिंह, दयानंद आदि व्यक्ति उपस्थित थे।

# शालीमार गांव में निकाली गई विशाल कलश यात्रा





### कलश यात्रा

**8 ज्योति सैनी की अगुवाई में शालीमार गांव में निकाली गई विशाल कलश यात्रा में बहुताय की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में महिला शक्ति मंडल ने शालीमार गांव, शालीमार बाग में कलश यात्रा निकाली। इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने बताया कि कलश यात्रा के साथ मां दुर्गा पूजा महोत्सव और श्रीमद् दुर्गा सप्तशती कथा की शुरूआत हो गई है। ज्योति सैनी ने आगे बताया कि 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक के लिए शालीमार बाग के डॉ. साहिब सिंह वर्मा सामुदायिक भवन में पूजा का कार्यक्रम आरंभ हो गया है। इस मौके पर निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, पूर्व पार्षद ममता नागपाल, भाजपा नेता गोविन्द शर्मा, भाजपा नेता शक्ति सिंह सोनू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण स्वामी, मंडल महामंत्री विरेन्द्र सिंह पिन्टू, कालीरमन, राजकुमार चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने आगे कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी प्रभु की भक्ति अवश्य ही करें। ज्योति सैनी ने कार्यक्रम में आये हुए लोगों का धन्यवाद भी किया।

## जहांगीरपुरीः जीटी करनाल रोड़ पर नाले का गंदा पानी भरने से लोग परेशान

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की लापरवाही से राहगीर हो रहे परेशानः हरीकिशन जिंदल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि जहांगीरपुरी मेन जी.टी.करनाल रोड़ पर जीटीके डिपो से लेकर जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन मेन रोड़ पर नाले का गंदा पानी भरने की वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है और साथ ही ट्रैफिक जाम का सामना करना पडा है। यहां पर पिछले कई सालों से बारिश में जलभराव होने की वजह से बहुत परेशानी होती है और अब तो बिना बारिश के यहां नाले का गंदा पानी भर रहा है।
**शिकायत के बाद भी स्थिति जस की तसः** श्री जिन्दल ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बार-बार कहने और लिखित में शिकायत करने के बाद यहां बहुत समय के बाद नया फुटपाथ व नाला बना है उसका अभी से यह हाल है, गंदा व बदबूदार पानी नाले से बाहर आ रहा है, उसमें मच्छर पैदा हो रहे है। इस समय दिल्ली के अंदर डेंगू बुरी तरह से फैला हुआ है, नाले का पानी रोड़ पर भरने की वजह से बीमारियां फैलने की संभावना है। श्री जिन्दल ने सवाल किया कि इसका जिम्मेदार कौन होगा।
**उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को लिखा पत्रः** हरीकिशन जिन्दल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व दिल्ली के उप-राज्यपाल से पत्र लिखकर मांग करते हुए कहा कि यहां पर तुरन्त नालों की मरम्मत, सफाई और पानी की निकासी की व्यवस्था की जाये, जिससे लोगों को इस परेशानी से निजात मिले, अन्यथा इसके खिलाफ कांग्रेस द्वारा धरना दिया जायेगा।

# हरियाणा में मेरे पन्ना प्रमुख सभी सीटों पर खिलाएंगे कमल: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है। कार्यकताओं के दम पर ही 2014 से भारतीय जनता पार्टी की विजय यात्रा शुरू हुई। कार्यकताओं की मेहनत के दम पर भाजपा ऐसी पार्टी बन गई है जो बूथ स्तर पर मजबूत है। रविवार को फरीदाबाद जिला की पृथला विधानसभा के देवांश गार्डन में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में धनखड़ ने सभी पन्ना प्रमुखों से 2024 में केंद्र और हरियाणा में भाजपा सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के पास जहां प्रदेश और जिला का संगठन तक नहीं है, वहीं भाजपा ने अपने पन्ने तक के प्रमुख तय कर दिए हैं। भाजपा का संगठन बहुत मजबूत है। भाजपा ने हर पन्ने के प्रमुख तय कर बूथ को सशक्त करने का काम किया है। पन्ना प्रमुखों के दम पर ही इस बार पृथला में कमल खिलेगा। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी मनीष यादव, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पृथला के पूर्व प्रत्याशी और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा सोहनपाल सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, बलदेव अलावलपुर, सुखबीर मलेरना, दीपक डागर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन आयोजित कर मोदी मनोहर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। 9 साल के सफल सेवा काल में बूथ स्तर और पन्ने तक मोर्चा का प्रभावी ढंग से विस्तार कर भाजपा ने जनकल्याणकारी



योजनाओं और नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है । पन्ना प्रमुखों को पार्टी की रीढ़ बताते हुए धनखड ने कहा कि वर्ष 2014 में शुरू हुई भाजपा की विजय यात्रा 2024 में बड़ी जीत के साथ आगे बढ़ेगी। इस विजयी यात्रा के पन्ना प्रमुख कर्णधार होंगे। भाजपा तीसरी बार देश और प्रदेश में बड़े बहुमत से सरकार बनाएगी । इस बार पृथला विधानसभा में भी कमल खिलेगा । धनखड़ ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के साढ़े 9 वर्षों के सफल सेवाकाल में महिला सशक्तिकरण, देश की सीमाओं को सुरक्षित करने और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज भाजपा सेवाभाव की नीति से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में हर घर शौचालय, उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस, हर घर नल से जल देकर मोदी सरकार ने महिलाओं का सम्मान किया है। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने जो कहती है वह करके दिखाती है। धारा 370, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण, तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं को छुटकारा, पंचायती राज संस्थाओं में बराबर की भागीदारी सहित ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। धनखड़ ने कहा कि आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है तो वह व्यक्ति भी प्रधानमंत्री को अपने मुखिया के रूप में देख रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ओजस्वी नेतृत्व से लोगों को सुरक्षित किया। इतना ही नहीं दूसरे देशों को भी कोरोना की वैक्सीन देकर उनके नागरिकों की जान बचाई। आज पूरा विश्व भारत की तरफ आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। बड़े-बड़े देशों के नेता प्रधानमंत्री मोदी को बॉस कह रहे हैं, यही आज का बदला हुआ भारत है। पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा का हर पन्ना प्रमुख पार्टी की रीड की हड्डी है। जब बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख मजबूत होगा तो देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी मजबूत होगी। देश और प्रदेश को विकास और उन्नति पर ले जाने वाली भाजपा की रीति और नीति आमजन को आकर्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी पन्ना प्रमुख सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को लेकर आमजन तक पहुंचे और सहयोगी के रूप में लोगों की सेवा करें। मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा शासन में योग्यता के आधार पर नौकरियों में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का बच्चा भी लाभ ले रहा है। देश प्रदेश में सुशासन देने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर देशहित के कार्य की धमक देश और दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देखी जा रही है। पन्ना प्रमुख सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के सभी आयोजकों पृथला से पूर्व प्रत्याशी और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, बलदेव अलावलपुर, सुखबीर मलेरना, दीपक डागर को बधाई दी और उनकी जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा छायशा मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र रावत, सीकरी मंडल के अध्यक्ष पवन चौधरी, फतेहपुर मंडल के अध्यक्ष हरीश धनखड, जिला उपाध्यक्ष लखमीचंद भारद्वाज, जिला सचिव सुनीता बघेल, जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया, राजू सोलंकी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सीमा भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा चंद्रप्रभा, सचेत जैन, हिमांशु मिश्रा, मेहरचंद गहलोत, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी कट्टे सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ऊंचागांव टीम ने किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल है। आरोपी फरीदाबाद के हार्डवेयर चौक के पास का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान एनआईटी के एरिया मेट्रो चौक से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को अपने दोस्तों में हवा बाजी करने के लिए उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के कोकिलावन में किसी अनजान व्यक्ति से ?2500 में खरीद कर लाया था। आरोपी नशा करने का दिए नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने अपने कार्यालय में सभी `ड/ळकऔर ऑटो यूनियन के प्रधान के साथ ली मीटिंग दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**निर्धारित किए गए ऑटो स्टैंड पर ही रोके ऑटो अन्यथा की जाएगी उचित कानूनी कार्रवाई।**

**ऑटो का रेड लाइट से 20-30 मीटर आगे-पीछे दिया गया है ऑटो स्टैंड**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने आज अपने कार्यालय में तीनों जोन के `ड/ळक और ऑटो यूनियन प्रधानों के साथ मीटिंग सभी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त होगी सख्त कानूनी कार्रवाई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात थाना प्रभारी और ऑटो यूनियन प्रधानों के साथ ऑटो की वजह से लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए मीटिंग ली है। बैठक के दौरान डीसीपी ट्रैफिक ने ऑटो यूनियनों के प्रधानों को दस साल पुराने हो चुके ऑटो की लिस्ट स्वैच्छा से पुलिस को सौंपने की बात कही। ताकि पुराने वाहनों को सडकों से हटाया जा सके। इससे काफी हद तक लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा और शहर में प्रदूषण का स्तर भी कम होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑटो चालक जहां तहां ऑटो खड़े कर देते हैं। इसके अलावा हाइवे के सभी चौराहों पर हर समय ऑटों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे न केवल हाइवे पर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है बल्कि सडक दुर्घटनाओं की सम्भावना भी बनी रहती है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति बल्लभगढ़ में होती है। ऑटो यूनियन प्रधान सभी ऑटो चालकों को इसके संबंध में अवगत कराए अन्यथा ऑटो चालकों के खिलाफ उचित कानून कारवाई की जाएगी।

## यमुनानगर में बसपा के कई कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा जगाधरी क्षेत्र के गांव गुलाबगढ़ के सरपंच व प्रताप नगर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान विजय कुमार मिंटू व ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी वीरेंद्र सिंह की प्रेरणा में गांव गुलाबगढ़ के बसपा के कई कार्यकताओं ने पार्टी छोड़कर भाजपा में पार्टी में शामिल हो गए।
इस मौके पर स्कूल शिक्षा एवं वन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ और सबका विकास सिद्धांत पर चलते हुए हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल हुए सभी भाइयों का पूरा मान सम्मान किया जाएगा।

## कुमारी सैलजा के नेतृत्व में जीतेंगे बल्लभगढ़: मनोज अग्रवाल

**अभियान**

**8 हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस नेता ने सेक्टर 23 में सुनी जनसमस्याएं।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा के आदेशानुसार हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाते हुए बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 23 में आयोजित एक नुक्कड़



सभा को संबोधित कर लोगों की जनसमस्याओं को सुना। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मनोज अग्रवाल ने कहा की भाजपा सरकार लोगों को परेशान करने के लिए नई-नई तरकीब लगा रही है। परिवार पहचान पत्र के नाम पर लोगों के परमानेंट परेशानी पत्र बनाए गए हैं। 10 लाख लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं। 5 लाख पात्रों की पेंशन काटी गई है। फैमिली आईडी के नाम पर गरीब जनता के पेट पर लात मारने का काम यह निष्ठुर सरकार कर रही है। उन्होंने आगे कहा की 2024 के विधानसभा चुनाव में अगर बल्लभगढ़ की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देती है तो कुमारी सैलजा के नेतृत्व में बननी वाली कांग्रेस की सरकार पहली कलम से परिवार पहचान पत्र और फैमिली आईडी को खत्म करने का काम करेगी।
वहीं इस दौरान बल्लभगढ़ की पीसीसी डेलिगेट और महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रियंका अग्रवाल ने कहा की अगला चुनाव गठबंधन सरकार का विदाई समारोह साबित होगा। क्योंकि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने समाज के हर वर्ग को प्रताड़ित कर दिया है और सरकार में शामिल दोनों दलों ने सबसे ज्यादा परेशान अपने मतदाताओं को किया है। सत्ता मिलने के बाद अहंकार में डूबी बीजेपी-जेजेपी जनता के दुःख-दर्द को भूल चुकी है, आज हर वर्ग इस सरकार से दुःखी है। इस सरकार ने हमारे बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को बदहाली के दलदल में धकेलने का काम किया है। वहीं महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव सोनू चौधरी के कहा की इस सरकार ने प्रदेश को बेरोजगारी में नंबर 1 बना दिया। नौजवान या तो विदेश की तरफ या फिर नशे की तरफ चले गए हैं। महंगाई से हर घर का बजट बिगाड़ दिया है।

## राकेश उर्फ रक्कू चौथी बार सिद्धपीठ श्री महाकाली मंदिर के प्रधान चुने गए

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सिद्धपीठ श्री महाकाली मंदिर तिकोना पार्क बस स्टैण्ड के आज सम्पन्न हुए चुनावों में राकेश कुमार उर्फ रक्कू चौथी बार प्रधान चुने गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी अमित कुमार को तीन मतों के अन्तर से पराजित किया। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त किए गए रिटानिंग अफसर सुबोध नागपाल, प्रशासक संतपाल, ओब्जवर के रूप में राजीव गुप्ता, सहायक रविन्द्र चावला, सतबीर दहिया के नेतृत्व में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से



सम्पन्न हुए। विजयी घोषित हुए पदाधिकारियों को रिटानिंग अफसर सुबोध नागपाल, प्रशासक संतपाल, ओब्जवर के रूप में राजीव गुप्ता ने विजयी पत्र सौंपा। सुबोध नागपाल व संतपाल के अनुसार प्रधान पद के लिए कुल 78 मत पड़े जिनमें राकेश दिवाकर को 39, अमित कुमार को 36 तथा तीन वोट रद्द हुए।

## सोनीपत : पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने अस्पताल की रखी आधारशिला

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने टीडीआई सिटी कुंडली के एल-ब्लॉक में बनने वाले समर्पण हार्ट एंड कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल नो प्रोफिट नो लोस के आधार पर काम करेगा।इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा इस पवित्र प्रयास के लिए बधाई। अस्पताल में ऐसी सुविधा बनाएं कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति पैसों के अभाव उपचार से वंचित न रहे। जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क उपचार सुविधा दें, मध्यमवर्गीय परिवारों को उपचार में छूट का लाभ मिले, जबकि समर्थ लोगों से उपचार शुल्क वहन कर सकते हैं।

## चोरी के मामले में कोर्ट द्वारा पीओ किए गए आरोपी को पुलिस चौकी सिकरोना की टीम ने किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर 58 प्रभारी की टीम पुलिस चौकी सिकरोना के द्वारा चोरी के मामले में पीओ चल रहे आरोपों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आसिफ नहूं जिले के पिनगांव का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम द्वारा पिनगांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी वर्ष 2016 के

**मुकदमा दर्ज**

**8 आरोपी पर माननीय अदालत में लगातार अनुपस्थित होने पर पीओ का मुकदमा दर्ज किया गया।**

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर था। आरोपी पर माननीय अदालत में लगातार अनुपस्थित होने पर पीओ का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## विश्व धरोहर एवं पर्यटन स्थल बनेगा अग्रोहा

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में अग्रोहा धाम के ऐतिहासिक पुरातत्व स्थल पर एक प्रतिष्ठित संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। साथ ही राखीगढ़ी की तर्ज पर जल्द ही सरकार अब ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा को विकसित करेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को प्रथम नवरात्र के अवसर पर माता मनसा देवी मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना ने बाइ पत्रकारों से वार्ता कर थे। मुख्यमंत्री ने नवरात्र और महाराजा अग्रसेन जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुखद भविष्य और स्वास्थ्य की कामना की। मनोहर लाल ने कहा कि अग्रोहा के



पुरातात्विक स्थल को महाराजा अग्रसेन की राजधानी माना जाता है। इस स्थल के विकसित होने से आस्था का यह केंद्र न केवल विश्व में अपनी पहचान बनाएगा बल्कि पर्यटन के रूप में भी विख्यात होगा।
उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने अग्रोहा पुरातात्विक स्थल एवं निकटवर्ती क्षेत्र का समग्र विकास राखीगढ़ी मॉडल के अनुसार एमओयू के माध्यम से करने की स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि अग्रोहा पुरातत्व स्थल की खुदाई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग संयुक्त रूप से करवाई जएगी। खुदाई शुरू करने से पहले राज्य सरकार संभावित क्षेत्रों में जीपीआर सर्वेक्षण करवाएगी।
उसके बाद एएसआई और हरियाणा सरकार के बीच ज्वाइंट एमओयू होगा।
उन्होंने कहा कि समस्त हरियाणा में एक सौ से अधिक पुरातत्व स्थलों की पहचान की गई है। इन्हें केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर विकसित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राखीगढी की विरासत को संरक्षित करने के लिए केन्द्र सरकार ने लगभग 23 करोड रुपये दिए जा रहे हैं, उसी प्रकार अग्रोहा के लिए भी वित्तपोषण मिलेगा। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार भी पर्याप्त मात्रा में बजट उपलब्ध करवाएगी।

## वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को क्राइम ने किया गिरफ्तार

### आरोपियों से 3 अन्य चोरी के मामले सुलझाए गए, एक फोन व 6 साइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धड़ पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पुत्र राजकुमार और राहुल पुत्र सुरेश का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के एनआईटी एरिया



के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों के माध्यम से आरोपी राहुल पुत्र राजकुमार को सेक्टर 22/23 के कट से तथा आरोपी मुख्य राहुल पुत्र सुरेश को सेक्टर 8 से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। चोरी की मोटरसाइकिल का मामला थाना मुजेसर में दर्ज था। आरोपी ने एक साइकिल को थाना एसजीएम नगर के एरिया से चोरी किया था तथा नशे की हालत में अन्य 5 साइकिलों को चोरी किया था। जिनका आरोपियों को चोरी के स्थान का पता नहीं है। आरोपियों से कुल 6 साइकिल बरामद की गई है। आरोपियों ने एक फोन थाना कोतवाली के एरिया से चोरी किया था।
चोरी का फोन बरामद किया जा चुका है। आरोपियों से पूछताछ तुम सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं नशे की पूर्ति के लिए छोटी-मोटी चोरी की वारदातों का अंजाम देते हैं। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच ने चोरी की स्कूटी सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गोलू मूल रूप से बिहार के दरभंगा जिले के गांव कछुवा का हाल में बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी



का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ सिटी पार्क के पास से चोरी की स्कूटी एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी ने स्कूटी एक्टिवा को थाना ओल्ड के क्षेत्र से चोरी किया था जिसका मामला थाना ओल्ड में दर्ज है। आरोपी से पूछताछ सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदि है । नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों का अंजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

फास्ट न्यूज

## राजस्थान में 51.26 करोड़ की ड्रग्स, शराब, नकदी बरामद

**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में इस सप्ताह विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने रिकॉर्ड 51.26 करोड़ रुपये से ज्यादा का ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज एवं नकदी बरामद की है। राज्य में अब तक 221.2 करोड़ रुपये की कीमत से ज्यादा के ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज व नकदी बरामद की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है। इसमें पिछले एक सप्ताह में 5 करोड़ 62 लाख रुपये कैश, ड्रग्स लगभग 22.57 करोड़ रुपये, शराब 3 करोड़ 47 लाख रुपये और सोना-चांदी 4.76 करोड़ रुपये की जब्त की गयी है, जबकि 14.84 करोड़ रुपये मूल्य की फ्रीबीज (मुफ्त में दी जाने वाली वस्तुएं) जब्त की गयी हैं। पिछले एक माह में 19 करोड़ रुपये से ज्यादा का कैश, 86.1 करोड़ की मादक सामग्री और 21.9 करोड़ रुपये की शराब, 38.9 करोड़ रुपये मूल्य के सोना-चांदी और 46.7 करोड़ रुपये से ज्यादा के फ्रीबीज बरामद किए गए हैं।

## बर्फबारी से खूबसूरत हुआ नजारा, धाम में बढ़ी ठंड

**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग**
**मौसम** का मिजाज बदलते ही केदारनाथ धाम में बारिश के बाद बर्फबारी शुरू हो गई। धाम में बर्फबारी से भले ही ठंड बढ़ गई, लेकिन यहां श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। बर्फबारी का श्रद्धालुओं ने खूब लुत्फ उठाया। प्रदेश के कुछ जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। कई जगह बूंदाबांदी हुई। शनिवार को भी केदारनाथ में दोपहर से अपराह्न बाद तक तीन घंटे तक बारिश हुई। इस दौरान ऊपरी पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी हुई, जिससे केदारपुरी में ठंड बढ़ गई है। धाम में अधिकतम तापमान 10 और न्यूनतम माइनस 3 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह से धाम में मौसम साफ था। दिन चढ़ने के साथ धूप भी तेज होती रही। दोपहर 12.30 बजे धाम में पारा 10 डिग्री दर्ज किया। लेकिन इसके बाद धाम में बादल घिरने लगे और एक बजे से यहां बारिश होने लगी, जो साढ़े चार बजे तक रही। इस दौरान दुग्ध गंगा, वासुकीताल और चोराबाड़ी ताल क्षेत्र में बर्फबारी भी हुई। जिस कारण केदारपुरी में ठंड बढ़ गई है। धाम में मौजूद श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि शाम 6 बजे तापमान 2 डिग्री और सवा सात बजे 1 डिग्री पर पहुंच गया था।

## चुनाव सुरक्षा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डॉ. नरवरिया

**श्योपुर।** विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण कार्य है। इस चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की है। इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सभी थानो की पुलिस पूरी तरह से तैयार रहे। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही और ढिलाई बर्दाश्त नहीं जाएगी। यह निर्देश पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने रविवार को पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित क्राइम मीटिंग में आए जिलेभर के थाना प्रभारियों को दिए हैं।

# यूपी में पैनिक बटन से सुरक्षित होगा बेटियों का सफर

## योगी सरकार प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को देगी पैनिक बटन की ताकत

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सेफ सिटी** परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में योगी सरकार की ओर से महिलाओं, बेटियों और बुजुर्गों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों, ओला-ऊबर में सीसीटीवी कैमरे संग पैनिक बटन लगाए जा रहे हैं। वहीं परिवहन विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट किया जा रहा है। इससे यात्रा के दौरान कोई अनहोनी होने पर यात्री पैनिक बटन दबाकर यूपी-112 से मदद मांग सकता है। वहीं सिगनल मिलने पर यूपी-112 की टीम एक्टिव हो जाएगी और तत्काल मदद पहुंचाएगी। इतना ही नहीं सीसीटीवी के जरिये यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का सुखद अहसास होगा।

**ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए शासन को भेजा**



**बजट का प्रस्ताव:** परिवहन विभाग की ओर से सिटी बसों के सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन को लगाने के साथ यूपी-112 से इंटीग्रेट करने के लिए क्रिसिल कंपनी द्वारा टेस्टिंग का काम किया जा रहा है। जल्द ही सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट कर दिया जाएगा। वहीं परिवहन विभाग की ओर से ऊबर के साथ इंटीग्रेशन के टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है। परिवहन विभाग और ऊबर की ओर से सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगाने को लेकर एक एमओयू तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए 9.912 लाख की धनराशि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन लगाने के साथ इंटीग्रेशन की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उधर, ओला के साथ इंटीग्रेशन को लेकर एक कंपनी से दोबारा संशोधित फेसियल रिकॉग्नाइजेशन साफ्टवेयर (एफआरएस) एवं टेक्नो कामर्शियल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

## यूपी में चलाएगी 'स्वच्छ त्योहार, स्वस्थ त्योहार' अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
प्रदेश की योगी सरकार ने त्योहारों के मद्देनजर मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया है। इसके लिए योगी सरकार 'स्वच्छ त्योहार, स्वस्थ त्योहार' अभियान चला रही है। नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निकायों में साफ सफाई के लिए "क्लीनलीनेस इस नेक्स्ट टू गॉडलीनेस" का मूल मंत्र देते हुए नवरात्र, दशहरा व दीपावली त्योहारों को "स्वच्छ त्यौहार, स्वस्थ्य त्यौहार" के रूप में मनाने का संदेश जारी किया है। विभाग की ओर से इसके लिए सभी निकाय अधिकारियों व कर्मचारियों को धार्मिक स्थलों, मठ-मंदिरों और दुर्गा पूजा पांडालों के आसपास के क्षेत्र, वहां की सड़कों-गलियों की बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं।

मुहिम

**त्योहारों में मंदिरों के आसपास और सड़कों की होगी बेहतर साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था**

पूजा स्थलों के आसपास डस्टबिन रखे जाएं, लोगों को किया जाए जागरूक: प्रदेश सरकार में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी नगरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रविवार को वर्चुअल बैठक के जरिये अवगत करा दिया है। सभी नगर निकायों को नगर विकास विभाग की ओर से निर्देशित किया गया है कि त्योहारों में श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी न हो, इसके लिए स्ट्रीट लाइटें सही कराई जाएं। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में भी कहीं पर भी कोई बाधा न आए। श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई पूजा सामग्री और कूड़ा-कचरा का सही से निस्तारण भी कराया जाए। लोग पूजा सामग्री और कूड़ा-कचरा इधर उधर न फेंके, पूजा स्थलों के आसपास डस्टबिन रखवाया जाय।

इसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। लोगों को भी स्वच्छ और स्वस्थ्य त्यौहार मनाने के लिए जागरूक किया जाए। प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए भी लोगों से कहें तथा इसके प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी प्रयास किया जाए।

श्रद्धालुओं का मन मैला न हो: उन्होंने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए निकायों में साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति, कूड़े के निस्तारण आदि कार्यों को संपन्न कराने के निर्देश दिए।

## नवरात्र शुरू: घर-घर, मंदिर-मंदिर में हुई घट स्थापना



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**शारदीय** नवरात्र रविवार से शुभारंभ हो गए हैं। अभिजीत मुहूर्त के साथ श्रेष्ठ मुहूर्त में घर-घर घट स्थापना हुई। घर-घर, मंदिर- मंदिर सुबह से ही रामायण की चौपाइयों के साथ दुर्गा पाठों की गूंज सुनाई दी। शहर के दुर्गा मंदिरों और हनुमान जी व राम मंदिरों में घट स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती और रामचरित मानस के पाठ शुरू हुए। अब पूरे नौ दिन माता की आराधना होगी। पहले दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा की जा रही है। आमेर शिला माता मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना हुई। इसके बाद मंदिर को दर्शनार्थियों के लिए खोला गया। इससे पहले सुबह से ही मंदिर में भक्तों को पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए वाहनों को सुबह से ही महल तक जाने से रोक दिया गया। मंदिर शिला माता के जयकारों के साथ जय माता दी... के जयकारों से गूंज उठा। कुछ भक्त कनक दंडवत करते

गूंज

**घर-घर, मंदिर-मंदिर सुबह से ही रामायण की चौपाइयों के साथ दुर्गा पाठों की गूंज सुनाई दी**

हुए माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे है। मंदिर पुजारी बनवारी लाल शास्त्री ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.55 बजे घट स्थापना के साथ ही माता के दर्शन खुले। 16 से 23 अक्टूबर तक माता के दर्शन सुबह 6 से दोपहर 12.30 बजे तक खुलेंगे। वहीं शाम को 4 बजे से 6 बजे तक भक्त माता के दर्शन कर सकेंगे। दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक मंदिर के पट मंगल रहेंगे। माता के 20 अक्टूबर को छठ का मेला भरेगा। 21 अक्टूबर को सप्तमी पर रात 10 बजे निशा पूजन होगा। 22 अक्टूबर को अष्टमी पर शाम 4.30 बजे पूर्णाहुति होगी।



**बिहार के कोटवा प्रखण्ड क्षेत्र के जगिरंहा पंचायत में अवस्थित माँ सोना देवी मन्दिर परिसर में अयोध्या के एक संत द्वारा अपने शरीर पर नौ कलश का स्थापना कर आस्था व दैविक कृपा के केंद्र बन गये है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में नवरात्र पूजा का आयोजन हुआ है।**

## आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कारगर साबित हो रहा है 'सी-विजिल' एप

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**विधानसभा चुनाव** में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए सी विजिल एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है। इसके माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव में यह एप खासा मददगार साबित हो रहा है। प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के महज 120 घंटे में प्रदेश भर से 3427 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से रिटर्निंग ऑफिसर्स ने 610 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। आठ शिकायतें अभी जांच लंबित हैं। सी विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा शिकायतें 467 जयपुर जिले से प्राप्त हुईं। सबसे ज्यादा कार्रवाई भी जयपुर जिले के रिटर्निंग आफिसर्स ने की। यहां 122 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जा सकता है।

## कैथल: सरपंचों ने किया सीएम के विरोध का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
कैथल में 16 अक्टूबर को सीएम मनोहर लाल के कैथल में होने वाले कार्यक्रम के विरोध में सरपंच एसोसिएशन ने जिला के सरपंचों से कार्यक्रम में शामिल न होने की अपील की है। एसोसिएशन के पदाधिकारी ने सरपंचों से कहा है कि वह मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम में शामिल न हों। कैथल सरपंच एसोसिएशन ने रविवार को ग्रेस होटल अंबाला रोड पर बैठक की और ई-टेंडरिंग, राइट टू रिकॉल जैसी मांगों को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जिला उप प्रधान गगनदीप सिंह की।

## 14 को बंद होंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
शारदीय नवरात्र के पहले दिन विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि व मुहूर्त तय किया गया। गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए 14 नवंबर को अन्नकूट के पावन पर्व पर अभिजीत मुहूर्त की शुभ बेला पर 11 बजकर 45 मिनट पर बंद किए जाएंगे। उधर, यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद किए जाएंगे, जिसका समय विजयदशमी पर्व के दिन तय होगा। बता दें कि हर साल शारदीय नवरात्र के पहले दिन गंगोत्री मंदिर समिति एवं तीर्थ



पुरोहित धाम के कपाट बंद होने की तिथि व मुहूर्त निकालते हैं। पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि 14 नवंबर को कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली अपने मायके मुखीमठ मुखबा के लिए प्रस्थान करेगी। रात्रि निवास भैरोघाटी स्थित देवी मंदिर में होगा। इसके अगले दिन 15 नवंबर को भाईदूज के पर्व पर मां गंगा की उत्सव डोली अपने मायके मुखबा मुखीमठ में पहुंचेगी। जहां मां गंगा का स्वागत एक बेटी की तरह गांव के ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा।

**छह महीने यहां होगी पूजा:** बताया कि शीतकाल के छह माह तक मां गंगा की पूजा मुखबा स्थित गंगा मंदिर में होगी। पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम की कपाटबंदी का समय विजयदशमी के पर्व पर तय किया जाएगा।

पर्यटन — अंबाला में सुभाष पार्क तैयार, शहीद स्मारक का सिविल वर्क 85 प्रतिशत पूरा : गृह मंत्री

## 'अंबाला में एयरपोर्ट बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा'

विकास कार्य

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला में एयरपोर्ट बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अम्बाला छावनी में बेहतरीन सुभाष पार्क बनकर तैयार है जहां अन्य शहरों से लोग इसकी खूबसूरती देखने आ रहे हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहीद स्मारक भी जल्द बनेगा जिसका सिविल वर्क 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। विज देर शाम अम्बाला में एयरपोर्ट के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया



शहीद स्मारक के इंटीरियर का टेंडर भी होने जा रहा है और इसे जल्द तैयार किया जाएगा। अम्बाला में साइंस सेंटर, बैंक स्क्वेयर कम माल एवं अन्य प्रोजेक्ट्स है जिससे यहां आने वाले समय में पर्यटन बढ़ेगा।

**एयरपोर्ट बनना सारे क्षेत्र के लिए प्रगति का प्रतीक:** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि एयरपोर्ट का बनना सारे क्षेत्र के लिए प्रगति का प्रतीक रहेगा। जहां एयरपोर्ट आता है, उस क्षेत्र का रुतबा बढ़ता है। अम्बाला छावनी एक जंक्शन है जोकि चारों तरफ से जुड़ता है। यहां हिमाचल प्रदेश, पंजाब, पश्चिमी यूपी, उत्तराखंड एवं अन्य राज्यों लगते हैं। उन्होंने कहा आज उद्योगपति सस्ती जमीन चाहता है, मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम जैसे शहरों के मुकाबले यहां सस्ती जमीन है और उद्योगपति चाहते हैं कि वह सुबह आकर शाम हो वापस चले जाए। एयर

**एयर कनेक्टिविटी मिलने से उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा :- मंत्री अनिल विज**

कनेक्टिविटी मिलने से उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने जिन क्षेत्रों का जिक्र किया है उससे लोगों में खुशी है।
गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि सिविल एन्क्लेव 16 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है और वर्क अलॉट कर दिए गए हैं। सिविल एन्क्लेव से यात्रियों को टैक्सी-वे करके अंदर ले जाया जाएगा।


